शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 49 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 15 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## चंडीगढ़ में मुफ्त पानी का मेयर का प्रस्ताव प्रशासक पुरोहित ने किया नामंजूर

**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़ के** लोगों को मुफ्त पानी देने के मुद्दे पर मेयर और यूटी प्रशासक के बीच ठन गई है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने कहा कि निगम की बैठक में मेयर द्वारा पूरी तरह अनुचित तरीके से मुफ्त पानी का प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसे मंजूर नहीं किया जा सकता। पुरोहित के अनुसार इस मामले में सही तरीके से प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए था,। मुफ्त पानी देने के लिए बजट के प्रावधान और अन्य बातों का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा निगम को 560 करोड रुपए का बजट दिया जा रहा है। पानी को लेकर ही 100 से 150 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है।ऐसे में मुफ्त पानी देने की घोषणा करना ठीक नहीं। प्रस्ताव लाने से पहले मेयर को सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए था। गौरतलब है यूटी प्रशासक की ओर से मेयर के मुफ्त पानी के प्रस्ताव को तुरंत खारिज कर दिया गया। जिसके बाद दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। पुरोहित ने कहा कि हर काम के लिए कायदे अपनाना जरूरी होता है और वह जंगल राज जैसी स्थिति बर्दाश्त नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने कहा कि 2022 में मनीमाजरा में 24 घंटे सातों दिन पानी की स्कीम पर बेहतर तरीके से कम हो रहा है, जो कि लोगों के लिए फायदेमंद होगा। आपके साथ ही भाजपा द्वारा भी मुफ्त पानी की घोषणा पर पुरोहित ने कहा कि वह गलत प्रस्ताव पर किसी का भी समर्थन नहीं करेंगे।

**शहर में कौन मांग रहा मुफ्त पानी**

प्रशासक पुरोहित ने मेयर द्वारा शहर में मुफ्त पानी देने के सवाल पर कहा कि शहर में किसी ने भी मुफ्त पानी की मांग नहीं की तो यह प्रस्ताव किस आधार पर लाया गया है। आज तक उन्हें तो किसी ने इस तरह की मांग या पत्र नहीं दिया। वह लोगों के साथ धोखा नहीं होने देंगे और चंडीगढ़ की तरक्की किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगी। प्रशासक पुरोहित ने कहा कि बजट का पैसा केंद्र सरकार से मिलता है। ऐसे में पाई पाई का हिसाब हमें देना होता है । पैसे में इस तरह के प्रस्ताव ठीक नहीं है साथ ही उन्होंने निगम की आर्थिक स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि कर्ज का बोझ इतना है कि वेतन तक देने में दिक्कत है। पानी के प्रस्ताव को लेकर प्रशासक ने निगम कमिश्नर पर भी सवाल उठाए की यह उनकी जानकारी के बगैर कैसे हुआ।

# एक देश एक चुनाव: कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में केन्द्र और राज्यों में एक साथ चुनाव कराने संबंधित सिफारिशें देने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने आज अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। इसमें सिफारिश की गई है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पांच साल का हो और किसी कारण से सरकार नहीं बन पाने या सरकार नहीं चल पाने की स्थिति में दोबारा चुनाव केवल बाकी बचे समय के लिए हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी सुझावों और दृष्टिकोणों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद समिति एक साथ चुनाव कराने के लिए दो-चरणीय व्यवस्था की सिफारिश करती है। पहले चरण के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराने के सौ दिनों के भीतर कराए जायें। इसके लिए होने वाले संवैधानिक बदलाव के लिए कम से कम आधे राज्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। समिति ने सिफारिश की है कि सरकार के सभी तीनों स्तरों के निर्वाचनों में प्रयोग के लिए एक ही निर्वाचक नामावली और निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) होने चाहिए। इन संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों की सहमति की आवश्यकता होगी। समिति का कहना है कि त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी घटना की स्थिति में लोक सभा के समाप्त न हुए कार्यकाल के लिए नई लोक सभा या राज्य विधान सभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जाने चाहिए। समिति की सिफारिश है कि साजो-सामान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत का चुनाव आयोग राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से पहले से योजना बनाएगा।



### 'सरकार के तीनों स्तरों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हों'

**जनशक्ति**, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों, ईवीएम व वीवीपीएटी आदि की तैनाती के लिए कदम उठाएगा। ताकि एक साथ सरकार के तीनों स्तरों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हों। समिति का मानना है कि एक साथ चुनाव मतदाताओं की पारदर्शिता, समावेशिता, सहजता और विश्वास को बढ़ाएंगी। एक साथ चुनाव कराने के लिए भारी समर्थन विकास प्रक्रिया और सामाजिक सामंजस्य को प्रोत्साहित करेगा, लोकतांत्रिक ढांचे की नींव को मजबूत करेगा और भारत की आकांक्षाओं को साकार करेगा।



पैनल ने कहा कि सभी चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक बार का अस्थायी उपाय आवश्यक होगा। आम चुनावों के बाद लोकसभा का गठन किया जाएगा और राष्ट्रपति पहली बैठक की उसी तारीख को अधिसूचना द्वारा परिवर्तन के प्रावधानों को लागू करेंगी। यह तिथि नियत तिथि कहलाएगी। एक बार प्रावधान लागू हो जाते हैं, तो नियत तिथि के बाद किसी भी चुनाव में गठित सभी विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगा। भले ही विधानसभा का गठन कब हुआ हो। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समकालिक चुनावों पर उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। 18,626 पृष्ठों वाली रिपोर्ट, 2 सितंबर को अपने गठन के बाद से 191 दिनों के हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और अनुसंधान कार्य का परिणाम है।

### 32 दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया



**समिति** ने विभिन्न हितधारकों के विचारों को समझने के लिए व्यापक परामर्श किया। 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें से 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। कई राजनीतिक दलों ने इस मामले पर एचएलसी के साथ व्यापक चर्चा की थी। सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के उत्तर में पूरे भारत के नागरिकों से 21,558 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थीं। 80 फीसदी लोगों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। समिति द्वारा विधि विशेषज्ञों, जैसे भारत के चार पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और प्रमुख उच्च न्यायालयों के बारह पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, भारत के चार पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्तों, आठ राज्य निर्वाचन आयुक्तों और भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग से भी विचार मांगे गए थे। सीआईआई, फिक्की और एसोचैम जैसे शीर्ष व्यापारिक संगठनों और प्रख्यात अर्थशास्त्रियों से भी पृथक चुनावों के आर्थिक नतीजों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए परामर्श किया गया था। उन्होंने मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को धीमा करने पर पृथक चुनावों के प्रभाव के कारण एक साथ चुनाव की आर्थिक अनिवार्यता की वकालत की। इन निकायों द्वारा समिति को जानकारी दी गई कि बीच-बीच में होने वाले चुनावों का सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने के अलावा आर्थिक विकास, सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता, शैक्षिक और अन्य परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## किसानों के दुख को समझे बिना उनकी मदद नहीं की जा सकती: राहुल

**नासिक**

**राहुल** गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतिम चरण में महाराष्ट्र में एंट्री कर चुकी है। आज राहुल ने नासिक में कृषि उत्पन्न बाजार समिति में किसानों की सभा आयोजित की। इसमें ठवढ प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत भी मौजूद रहे। सभा में राहुल ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति किसान के दुख को नहीं समझता, किसान की मेहनत की इज्जत नहीं करता, तब तक वह किसान की मदद नहीं कर सकता। हमारी सरकार के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे। आपको ये लगेगा कि दिल्ली में किसानों की रक्षा करने वाली सरकार



है। इस मौके पर संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी आम लोगों की बात सुनते हैं, उन पर अपनी बातें नहीं थोपते हैं।

पहले हम कहते थे- इंदिरा गांधी आई हैं, नई रोशनी लाई हैं। आज के समय में भारत और महाराष्ट्र के लिए वह रोशनी राहुल गांधी हैं। इस सभा से पहले राहुल ने नासिक में रोड शो किया था। दोपहर में वे 12 ज्योतिलिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे।

## समाजसेविका सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली**

लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। सदन के नेता पीयूष गोयल और इंफोसिस के संस्थापक व सुधा मूर्ति के पति नारायण मूर्ति उनके शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी



मुर्मू द्वारा सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किये जाने की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में उनके योगदान की सराहना की थी।

उल्लेखनीय है कि सुधा मूर्ति एक भारतीय शिक्षिका, लेखिका, समाजसेविका और इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष हैं। वह गेट्स फाउंडेशन की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पहल की सदस्य भी हैं। मूर्ति ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की स्थापना की है। सुधा मूर्ति इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं। उनकी बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं।

## अमित शाह ने एनआईए के यूनिक डिजिटल सीसीएमएस प्लेटफॉर्म का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली**

आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारत की लड़ाई को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा डिजाइन की गई एक यूनिक डिजिटल आपराधिक मामला प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में गृह मंत्री ने जम्मू और कोच्चि में एनआईए के दो नए शाखा कार्यालयों और रायपुर में एक आवासीय परिसर का भी उद्घाटन किया। शाह ने एक मोबाइल ऐप 'संकलन' भी लॉन्च किया, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा नए आपराधिक कानूनों का एक संग्रह है। इस मौके पर शाह ने कहा कि पोर्टल और ऐप तीन नए कानूनों पर नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मार्गदर्शन करेंगे। संकलन ऐप को पुराने और नए आपराधिक कानूनों के बीच एक पुल के रूप में नए आपराधिक कानूनों के माध्यम से नेविगेट करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐप ऑफलाइन मोड में भी काम करेगा और दूर-दराज के इलाकों में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है ताकि सभी हितधारकों को चौबीसों घंटे वांछित जानकारी मिल सके।

केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य के पुलिस महानिदेशकों से प्रभावी और त्वरित जांच और संचालन के लिए नए जमाने के सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य बलों को जांच के दौरान उत्पन्न डेटा को व्यवस्थित, एकीकृत और डिजिटल बनाने में मदद मिलेगी।

## सुखबीर सिंह संधु और ज्ञानेश कुमार होंगे चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने चुनाव आयुक्त के रूप में गुरुवार को पंजाब के पूर्व नौकरशाह सुखबीर सिंह संधु और केरल के ज्ञानेश कुमार का नाम तय किया है। इस संबंध में गुरूवार शाम अधिसूचना जारी की गई। विधि और न्याय मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की



अवधि) अधिनियम, 2023 (2023 का अधिनियम संख्या 49) की खण्ड 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति आईएएस(सेवानिवृत) ज्ञानेश कुमार और आईएएस(सेवानिवृत) डॉ. सुखबीर सिंह संधु की नियुक्ति चुनाव आयुक्त के रूप में भारतीय चुनाव आयोग में उनके कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हैं। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में वर्तमान में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही थे।

## देश के 100 जेलों को एफएसएसएआई ने घोषित किया 'ईट राइट कैंपस'

**नई दिल्ली**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश भर के लगभग 100 जेलों को 'ईट राइट कैंपस' घोषित किया है। इसमें तिहाड़ जेल (दिल्ली), सेंट्रल जेल गया (बिहार), मॉडर्न सेंट्रल जेल (पंजाब), सेंट्रल जेल रीवा (मध्य प्रदेश) सहित कई जेल शामिल हैं। प्रमाणित जेलों की सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश से हैं, उसके बाद पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश का स्थान है। गुरुवार को एफएसएसएआई ने जानकारी दी कि 'ईट राइट कैंपस' प्रमाणन को जेलों और सुधार सुविधाओं तक विस्तारित करके, कैदियों और जेल कर्मचारियों सहित सभी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित किया जा रहा है। 'ईट राइट कैंपस' प्रमाणन प्रक्रिया में मूल्यांकन और एफएसएसएआई के निर्धारित मूल्यांकन मानदंडों का पालन शामिल है।

## संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक: भारत 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर

**नई दिल्ली**

**मानव विकास** सूचकांक में भारत 193 देशों की सूची में 134वें नंबर पर है। साल 2022 की रैंकिंग में भारत की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। 2021 के सूचकांक की तुलना में एक पायदान ऊपर पहुंचा भारत कई मायने में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में 108वें स्थान पर रहा। 2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में इसकी रैंक 122 थी। इससे पता लगता है कि देश में लैंगिक असमानता को दूर करने की दिशा में बीते कुछ महीनों में उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं।यह सूचकांक इसलिए भी अहम है क्योंकि लगातार दो साल फिसलने के बाद भारत की रैंकिंग में सुधार दर्ज किया गया



है। 2021 और 2022 में भारत एक-एक पायदान नीचे खिसक गया था।

**श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर**

संयुक्त राष्ट्र के इस सूचकांक के बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा, जीआईआई-2021 की तुलना में जीआईआई-2022 में 14 रैंक की छलांग महत्वपूर्ण उपलब्धि दशार्ता है। हालांकि, अलग-अलग पैमानों पर हुए अध्ययन में श्रमिकों से जुड़ा चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। 2022 के सूचकांक के मुताबिक देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी सामने आया है। महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत का बड़ा अंतर देखा गया है।

**शिक्षा और जीने की आयु में भी उल्लेखनीय सुधार**

रिपोर्ट के मुताबिक अमीर देशों में रिकॉर्ड मानव विकास देखा गया, जबकि आधे गरीब देशों की प्रगति 'संकट-पूर्व स्तर' से नीचे बनी हुई है। 2022 की रैंकिंग में, भारत के सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा गया है। जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) पहले से बेहतर स्थिति में हैं। जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 12.6 तक पहुंच गए, जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष बढ़कर 6.57 हो गए।

**देश में नागरिकों की औसत कमाई बढ़कर 5.75 लाख रुपये पहुंची**

साल 2022 की एचडीआई के मुताबिक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई। भारतीय करेंसी में यह राशि लगभग 5.75 लाख रुपये होती है। इसके अलावा, भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी कामयाबी पाई है। रिपोर्ट के अनुसार, देश का मान 0.437 है। यह वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास के पैमानों पर भारत ने उल्लेखनीय तरक्की की है।

# परिषदीय विद्यालयों में जनसहभागिता हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज के सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी व एसएमसी अध्यक्ष तथा प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल ने कहा कि सभी प्रधान अपने विद्यालयों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हों। प्रधान प्रतिनिधि रामभारती ने अवशेष कायाकल्प कार्य अविलम्ब पूर्ण करवाने का आह्वान किया। आयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने एसएमसी अध्यक्षों से शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रेषित विभिन्न धनराशि का सदुपयोग करवाने की बात कही। विद्यालयों के चहुमुखी विकास हेतु सामुदायिक सहयोग की अपील किया। नौनिहालों के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से शिक्षक संघ अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार द्विवेदी,प्रधान बिहारीलाल जायसवाल, बृजेश बिंद, सतीश गुप्ता, रामगुलाब ,सुधांशु मश्रा, शिव मोहन पटेल, प्रेमशंकर, देवेंद्र सिंह पटेल, गुरुचरण बिंद, मनोज पाठक, राजेन्द्र अनुरागी, अब्दुल कुद्दूस, डॉ एस पी सिंह, सरोज सिंह पटेल, रामकुमार साहू, गिरीश सिंह, प्रमोद मिश्र, सरोज सिंह यादव, रामनरेश, मनीषा यादव, बबिता वर्मा, सुमन पाण्डेय, निकिता गुप्ता, होरीलाल दिवाकर, नीरू सहित सैकड़ों शिक्षक, प्रधान व गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी सतीश कुशवाहा ने किया।





## ट्रेक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर वृद्ध की मौके पर मौत

**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ के थाना पट्टी के ग्राम रामपुर बेला पटटी निवासी राजाराम चौरसिया 58 वर्ष पुत्र पूदन अपने भतीजे की बाइक पर बैठ कर प्रयागराज की ओर जा रहा थे।बताते हैं कि मऊआइमा के सकरामऊ एक ढाबे के पास पीछे से ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजाराम चौरसिया की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनका भतीजा बाल बाल बच गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खडी करा कर राजाराम चौरसिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मामूली बात को लेकर हुई मारपीट , दर्ज हुआ मुकदमा

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम निवासी शमसाद अली पुत्र मुख्तार अली का आरोप है कि मेरा पुत्र रेहान और पड़ोस के जीशान आपस में खेल रहे थे। आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए और जान से मारने की धमकी दिए। शमशाद अली ने मऊआइमा थाने में अबरार,फैसल, अफजाल, शोएब सभी निवासी किरांव अब्दुल निवासी रानीगंज तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने हेतु संघ ने तैयार की रणनीति



**करछना।** युवा अधिकार संघ ने भीरपुर स्थित सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्टी में संघ संचालक वासुदेव शुक्ला ने एक एकता प्रबल एकता पर जोर देते हुए कहा कि संघ के द्वारा जल्द ही युवाओं को एक रोजगार हेतु स्वर्णिम अवसर प्रदान किया जाएगा जिसके तहत जो बेरोजगार युवा है जिन्हे अपने ही क्षेत्र में कार्य करना है उन युवाओं को संघ ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत रोजगार देने के साथ ही साथ वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का भी कार्य संघ करने जा रहा है साथ ही साथ उन्होंने कहा की जो भी ऑनलाइन संस्थाएं खरीदारी हेतु सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जैसे कि फ्लिपकार्ट अमेजॉन इत्यादि को संघ के द्वारा व्यापारी हित हेतु नीति एवं नियम प्रदान किया जाएगा जिससे क्षेत्र के व्यापारियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।और संघ के द्वारा महिला वर्ग का भी जल्द ही गठन किया जाएगा जिससे घर पर बैठी हुई महिलाए एवं घर से ही कार्य करने वाली लड़कियों को भी रोजगार का स्वर्णिम अवसर प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ संघ के द्वारा व्यापारी हित हेतु व्यापार पंजीकरण निशुल्क कराया जा रहा है जिसमे संघ से जुड़े व्यापारी बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे है और अपने व्यापार को सशक्त रूप से मजबूत बना रहे है। इस दौरान सिद्धार्थ आईटी सेल,बाबू लाल वर्मा सलाहकार,शिवेंद्र कुमार पांडेय संघ प्रवक्ता, संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश मिश्रा, जिलाध्यक्ष दीपक पाण्डेय, जिलाध्यक्ष ( संघ मोर्चा ) प्रदीप प्रजापति सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री राम कथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा, श्रोताओं ने सुनी कथा महात्म्य

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव में रघुनाथ गाथा के प्रथम दिन गुरुवार को आयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह के संयोजन में श्री राम कथा के पूर्व कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकली गई। इस अवसर पर आचार्य विद्वान द्वारा पंचांग पूजन, सामूहिक मानस नवान्ह परायण पाठ एवं आवाहित देवी देवताओं की विधि विधान से पूजन अर्चन के उपरांत कलश यात्रा को गांव के गली मोहल्लों में भ्रमण एवं मंदिरों में दर्शन पूजन कराते हुए वापस कथा स्थल पर विश्राम दिया गया। कलश यात्रा में आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्त महिलाएं मंगल गीत गाते एवं इस दौरान श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का जय जयकार करते शामिल रहे। पूरा माहौल राम में हो गया। कलश यात्रा के उपरांत रामायणी कुटी चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज ने श्रद्धालु श्रोताओं को श्री राम कथा का महात्म्य श्रवण कराते हुए बताया कि ।।हरि अनंत हरि कथा अनंता, कहहिं सुनहिं बहू विधि सब शंता।। हरि अनंत हैं हरि की कथा अनंत है एवं रघुनाथ गाथा गाने वाले एवं सुनने वाले भी अनंत हैं। कथा व्यास ने कहा श्री रामचरितमानस एक ग्रंथ नहीं यह हमें जीवन जीने की कला बताती है। उन्होंने कहा कथा हमारे जीवन की हर व्यथा को दूर करते हुए इस भवसागर से पार लगाती है। इसे गाकर, श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान श्रीमती अवधराजी देवी एवं आयोजक सहित आदि भक्त श्रोताओं ने व्यास पीठ एवं भगवान नारायण की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर विपिन सिंह, बृजभान सिंह, रतन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, वैभव सिंह, आशीष सिंह, प्रांशू सिंह, हिमांशू सिंह, राज सिंह, गौरव सिंह, गृजेश सिंह एवं अनन्या सहित काफी संख्या में भक्त श्रोता उपस्थित रहे।



# बच्चों की अच्छी शिक्षा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मिलता है मार्गदर्शन

**सहसों।** एजेयस कान्वेंट स्कूल गुलालपुर में धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, भक्ति गीत, नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों तथा आदि लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा के साथ सामाजिक गतिविधियों का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा शिक्षा एवं संस्कार घर के प्रथम गुरु माता से लेकर विद्यालय के सम्मानित गुरुजनों तक प्राप्त किया जाता है। तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए बच्चों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ खेलकूद की गतिविधियां भी उज्जवल भविष्य के लिए एक अच्छी शिक्षा में मार्गदर्शन का काम करता है। इस अवसर पर चेयरमैन मानसिंह ने कहा बच्चों को अपने सुनहरे भविष्य के लिए कठिन परिश्रम एवं लक्ष्य निर्धारण को मूल मंत्र मानकर अध्ययन करना चाहिए। प्रबंधक ज्ञान सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धीरेंद्र सिंह, नीरज सिंह पटेल सहित आदि शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।




# अवन्तिका कालोनी की ध्वस्त सफाई व्यवस्था पर हुई बैठक, जताया आक्रोश

**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति द्वारा ब्लांक स्तरीय समिति के गठन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत अवंतिका कालोनी के डी ब्लांक के सामाजिक कार्यकताओं की एक बैठक बुधवार को महात्मा गांधी पार्क मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कन्हैया लाल जायसवाल एवं संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया। बैठक मे क्षेत्र की समस्यायों पर व्यापक चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहाकि नगर निगम में आने के बाद से कालोनी की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। खासकर निगम चुनाव के बाद से गलियों में झाड़ू लगना बिल्कुल ही बन्द हो गया है। ऐसे में समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ब्लॉक स्तरीय कमेटियों के शीघ्र गठन का निर्णय लिया गया। वक्ताओं का मानना है कि बिना संगठित प्रयास के समसयाओं का समाधान सम्भव नही हो सकता। इसी परिप्रेक्ष्य में अगली बैठक रविवार 17 मार्च को दूरवाणी नगर में ई ब्लॉक के अग्रसेन पार्क मे होगी। बैठक में होली के पावन पर्व पर होलिकोत्सव समारोह के आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया तथा विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी आगामी 26 मार्च को शाम 5 बजे से शीतला माई पार्क मे हृदय मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय हुआ। बैठक मे समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, बी बी दुबे, मीना जायसवाल, बिन्दू राठौड़, सुनील साहनी, अशोक जायसवाल, सुन्दर लाल अग्रवाल, रविशंकर द्विवेदी, विजय बहादुर श्रीवास्तव व विमल शुक्ला आदि समाजसेवी शामिल रहे।




# मांडा में गड्ढा मुक्त का फरमान रहा बेअसर

**जर्जर और बदहाल सड़के दे रही है दुर्घटना को दावत**

**मांडा।** प्रदेश की सड़कें गड्ढामुक्त करने का सरकार का निर्देश मांडा क्षेत्र में बेअसर है। आम मार्ग तो बदहाल हैं ही, राजमार्गों के गड्ढे भी संबंधित विभाग ठीक नहीं करा पाया, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मांडा क्षेत्र को प्रदेश से बाहर का बताकर लोग प्रदेश सरकार के गड्ढामुक्त सड़क के निर्देश का उपहास उड़ाते हैं। प्रदेश सरकार और प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का सख्त निर्देश दिया था, लेकिन इस निर्देश का असर मांडा क्षेत्र की सड़कों पर बिल्कुल भी नहीं पड़ा। आम रास्ते तो पूर्ववत बदहाल हैं ही, राजमार्ग तक गड्ढों से भरे पड़े हैं। प्रयागराज जनपद का सबसे लंबा बीपी प्रतापपुर राजमार्ग 82 किमी मांडा क्षेत्र के भारतगंज मांडा रोड से शुरू होकर कोरांव, खीरी, नारीबारी, शंकरगढ़ होते हुए प्रतापपुर तक जाता है। इसी राजमार्ग पर मांडा कोरांव राजमार्ग के गिरधरपुर गाँव के सामने से लेकर 12 किमी जंगल तक की सड़क गड्ढों से भरी है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस राजमार्ग के अलावा मांडा रीवां राजमार्ग को जोड़ने वाला मांडा बरौंधा का 18 किमी जंगली मार्ग भी गड्ढों से भरा पड़ा है हालांकि मांडा बरौंधा मार्ग पर प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने गड्ढों में गिट्टी और मिट्टी भरी, लेकिन वाहनों के दबाव के चलते दो दिन में ही गड्ढों से गिट्टी और मिट्टी गायब हो गये और यह जंगली मार्ग पूर्ववत गड्ढायुक्त हो गया। मार्ग जंगली और गड्ढायुक्त होने के कारण राहगीरों को इस मार्ग पर काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है। इन दोनों राजमार्गों के अलावा मिर्जापुर प्रयागराज राजमार्ग पर भी काफी गड्ढे हैं और इस मार्ग के चौड़ीकरण के छः साल बाद भी अभी तक सड़क की पटरी नहीं बन पायी है। इन राजमार्गों के अलावा भरारी, राजापुर, राजापुर गुड़गवां, रामधन का पूरा भंजनपुर, भारतगंज भंजनपुर, मांडा मेजा, भरारी लालगंज आदि सभी मार्ग अनगिनत गड्ढो से भरे हुए हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद लोगों में सड़कों के उद्धार की उम्मीद जगी थी, लेकिन अभी तक मांडा की जर्जर और बदहाल सड़क का उद्धार ना होने से लोगों में चर्चा है की संभवतः मांडा क्षेत्र प्रदेश से बाहर है। इसलिए प्रदेश सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के निर्देशों का असर मांडा इलाके की सड़कों पर प्रभावी नहीं हो पा रहा है।



## बिमारी से तंग किशोरी ने लगाई फांसी,मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के सेमरी गांव में बीमारी से तंग आकर तेरह वर्ष की किशोरी ने घर के पीछे स्थित जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके परिजनो को सौंप दिया। लालापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी सालिक राम की पुत्री राधा देवी (13) काफी दिनों से बीमार चल रही थी । गुरुवार के दिन जब घर के लोग बाहर काम के लिए गए इसी बीच वह घर के पीछे स्थित जामुन के पेड़ के पास पहुंची और पेड़ की डाल में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घर के लोगो को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। राधा देवी पांच भाईयो के बीच अकेली बहन थी । परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

## शिक्षकों ने सीखे पढ़ाई के गुण



**जसरा।** प्रयागराज ब्लॉक संसाधन केन्द्र जसरा में चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। पचास संख्या वाले अंतिम बैच में प्रतिभागियों ने बच्चों को पढ़ाने के नए तरीके सीखे। नई शिक्षा नीति 2020 एवम एन सी एफ 2022 के अंतर्गत शिक्षण प्रारूप का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सन्दर्भदाताओं ने आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका में भाषा एवम गणित तथा कक्षा चार व पांच के लिए निर्देशिका के अनुरूप शिक्षण की बात बताई। एआरपी प्रमोद मिश्र, गिरीश सिंग, जितेंद्र मिश्र, सतीश कुशवाहा, महेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण दिया। वसीम अहमद, राजेश्वर मिश्र, दशरथलाल भारती, विजय रावत, कमलेश यादव, सुमन्त तिवारी, प्रभात चन्द्र द्विवेदी, राकेश कुमार, राघवेंद्र त्रिपाठी, भारत सिंह, आशा देवी, दीप्ति, सुनीता, ममता मिश्रा सहित दर्जनों प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## इंस्पेक्टर मऊआइमा के नेतृत्व में एस एस बी ने मऊआइमा क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



**मऊआइमा।** सीएए व आगामी लोकसभा चुनावों और त्योहारों को देखते हुए मऊआइमा इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शस्त्र सीमा बल और स्थानीय थाने की फोर्स के साथ मऊआइमा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। बताया गया है कि क्षेत्र में भाई चारा और आपसी सौहार्द को बनाए रखने के लिए चल रहे पवित्र रमजान मुबारक के महीने को देखते हुए भी क्षेत्र में निरंतर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बताया गया है कि प्रथम रमजानुल मुबारक पर रात्री में डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय, एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने भारी फोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च किए।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में प्राथमिक विद्यालय हरखपुर के बच्चों ने मारी बाजी



**मऊआइमा।** ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में बी आर सी मऊआइमा के हरिसेन गंज में खण्ड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का आयोजन किया । बीईओ ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है प्राथमिक,उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की रुचि विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रुचि बढ़ाना है। बच्चे क्विज में शामिल होकर व प्रदर्शनी के लिए माडल बनाकर अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किए । वही प्राथमिक विद्यालय हरखपुर के पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनुराग विश्वकर्मा कक्षा 8 को पुरुस्कार व 2700 रुपए का चेक तथा अन्य स्थान पाने वाले आंचल, विपिन, अनुराग, अनुष्का राधा, हिमांशु, प्रदीप को पुरस्कृत किया गया। वहां की प्रधानाचार्या पूनम यादव व सहायक अध्यापिका मधु को उत्कृष्ट कार्य के उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर एआरपी शरद मिश्रा,लालचंद वर्मा,प्रदीप यादव,भारत लाल,जगत लाल आदि मौजूद थे।

## सपा लोहिया वाहिनी जमुनापार के विकास सोनी बने जिला उपाध्यक्ष



**करछना।** विधानसभा करछना के हिंदूपुर निवासी विकास सोनी को समाजवादी लोहिया वाहिनी यमुनापार का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सपा लोहिया वाहिनी यमुनापार जिलाध्यक्ष पवन सिंघाल पटेल ने उनका मनोनय किया है। उनके मनोनयन पर सुरेंद्र यादव, नवीन यादव, हिमांशु मिश्रा, सौरभ बाबा, मयंक पांडेय, मोहित पांडेय, मोहित यादव, कार्तिक आदर्श पांडेय, कुनाल पांडेय, कांति पासवान, आरिश सिद्दीकी, शाहबाज हक, फैसल सिद्दीकी, आदि ने बधाई दी है।

## सपा लोहिया वाहिनी गंगा पार के जिला उपाध्यक्ष बने अनूप कुमार यादव



**मऊआइमा।** लोहिया वाहिनी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर अनूप कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष को आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हम समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पार्टी और संगठन को मजबूत करेंगे। अनूप यादव को पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, सोरांव विधायक गीता पासी , पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव, सोरांव विधानसभा अध्यक्ष बच्चा यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, नवीन यादव, अनिल यादव आदि लोगों ने अनूप यादव को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## सुधाकर सिंह बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला सचिव



**पसना।** क्षेत्र पंचायत सदस्य पसना निवासी युवा नेता सुधाकर सिंह पटेल को समाजवादी लोहिया वाहिनी के यमुनापार जिला अध्यक्ष पवन सिंघाल ने जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुधाकर सिंह ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने आगामी चुनावों को देखते हुए जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। सुधाकर सिंह की नियुक्ति पर विधान सभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल कमला शंकर पटेल, पवन सोनकर , बल्ली पटेल मधुकर सिंह ,बबुआन सिंह ,जयशंकर पटेल, यादवेंद्र अहीर,रविंद्र जैसल, राजन सिंह,अजीत सिंह (बब्बन) रामकृष्ण (राकी)आदि ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## धूमधाम से मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के सैदाबाद ब्लॉक के बढ़ैया आसेपुर न्यू लाइफ पब्लिक स्कूल एंड स्वर्गीय जवाहर सिंह यादव इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती, वंदना,स्वागत, दहेज गीत, तमाम रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएन सिंह,उक्र्र्डर प्रयागराज व एल,बी मौर्य ,और धर्मेंद्र सिंह, अउक्र्र्डर प्रयागराज रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति बहुत ही सराहनी रही जिस ढंग से बच्चों ने अपने हुनर से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। यह हुनर इस स्कूल के अथक परिश्रम प्रबंधक प्रिंसिपल सहित सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत की देन है। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक सिलवान सिंह एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किया गया।प्रिंसिपल राहुल प्रताप सिंह ने आए हुए छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मूलचंद यादव, गोरखनाथ यादव, मोहम्मद मुजीब अहमद, कार्यक्रम का संचालन श्वेता मिश्रा ने किया।

## हिमांशु विश्वकर्मा सपा युवजन सभा के ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत



**सिरसा** प्रयागराज यमुनापार मेजा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी ने जमुनापार विधानसभा मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक उरुवा निवासी ग्रामपंचायत घुघा, औता (जिला पर) हिमांशु विश्वकर्मा को ब्लाक उरुवा अध्यक्ष पद पर नामित किया गया। हिमांशु विश्वकर्मा पार्टी के प्रति हमेसा संघर्षो और आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहते हैं। हिमांशु विश्वकर्मा युवाओ में लोकप्रिय नेता हैं और हमेशा युवाओं के लिए संघर्ष और उनके दुख सुख में खड़े रहते हैं।

## बैठक आयोजित कर शिक्षक प्रकोष्ठ का किया गया विस्तार

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ गंगापार की एक आवश्यक बैठक सहसों में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ गंगापार रमेश कुमार द्विवेदी ने बैठक को संबोधित कर प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज अशोक नगर सोरांव के शिक्षक सहसों निवासी आलोक कुमार सिंह को मंडल सोरांव का संयोजक नियुक्त किया। उनके इस नियुक्त से बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने उनका मुंह मीठा कराते हुए शुभकामना एवं बधाई दिया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी, नमामि गंगे जिला संयोजक गंगापार राजधर द्विवेदी, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, महारानी दीन मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने दायित्वों का अच्छे ढंग से निर्वहन करते हुए निर्वाचन कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों की पूर्ण रूप से जानकारी रखते हुए उसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्टेटों एवं उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमणकर मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित करा ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से सम्बंधित शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करते हुए लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु कहा है। यातायात, रूटचार्ट, टेण्टेज, फर्नीचर, बैरिकेटिंग, लाउडस्पीकर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही साथ ड्रिस्ट्रिक इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तथा कम्यूनिकेशन प्लान को भी समय से बनाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित किए गए दायित्वों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति राजेश सिंह, नगर मजिस्टेट विनोद सिंह सहित उपजिलाधिकारीगण, सभी नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शराब पिलाकर किशोरी से रेप, रिपोर्ट दर्ज

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में एक वनवासी किशोरी के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दे रही है। मंगलवार को भदोही जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र का एक ट्रैक्टर चालक सरायइनायत के फुलहां गांव स्थित ईंट भट्ठे पर ईंट लेने आया था। उक्त भट्ठे पर कोयला बिन रही एक किशोरी व उसकी फुफेरी भाभी को ट्रैक्टर पर ईंट लदाने तथा उतराने के लिए पैसों का लालच देकर उन्हें भदोही के सुल्तानपुर गांव ले गया। ईंट उतरने के बाद चालक वही चंदापुर गांव में टैक्टर खड़ा करके दोनों को बाइक से उनके घर छोड? के लिए निकल पड़ा। आरोप है कि जंगीगंज के पास दोनों वनवासी महिलाओं को नाश्ता कराया और जबरन शराब पिलाया। रात 10:30 बजे सरायइनायत इलाके में सड़क के किनारे झाडी. में किशोरी को जबरन घसीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। घटना के दूसरे दिन पीड़ित किशोरी ने ट्रैक्टर लेकर जा रहे आरोपी चालक को हनुमानगंज बाजार में पहचान लिया। किशोरी के कुनबे के लोगों ने ट्रैक्टर रोककर हंगामा करने लगे। मौका पाकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुचे इंस्पेक्टर ने हंगामा कर रहे लोगो को समझा कर थाने लाए और पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# 355 ट्रेनी दरोगाओं को मिली थानों में तैनाती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट में एक साल तक अब दरोगा ही दरोगा नजर आएंगे। प्रयागराज में 355 दरोगा ट्रेनिंग को पहुंचे हैं। सभी को कमिश्नर रमित शर्मा ने थानों में तैनाती दे दी। 245 पुरुष ट्रेनी दरोगा और 110 महिला दरोगाओं को शहर और देहात के थानों में भेज दिया गया है। यहां ट्रेनिंग करने के बाद ये दरोगा प्रदेश के सभी जिलों में तैनाती पाएंगे। इस दौरान ये दरोगा, चौकी, थाने के काम समझेंगे। मुंशी, हेड मोहर्रिर, गश्त, पीकेट का पाठ पढ़ेंगे। ये दरोगा पीसीटी मुरादाबाद, अंबेडकर नगर, सीतापुर, मिजार्पुर, गोरखपुर आदि से आएं हैं। एकेडमी में ट्रेनिंग पूरी करने, क्लास रूम पूरा करने के बाद अब इन्हें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग को प्रयागराज भेजा गया है ।ताकि कानून व्यवस्था से संबंधित गुर सीख सकें। यूं तो प्रयागराज में दरोगाओं की कमी देखने को मिलती रही है। अब इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनी दरोगाओं के आ जाने से शहर से देहात तक तैनाती में राहत हुई है।

**25 इंस्पेक्टरों को मिली नई तैनाती :** पुलिस कमिश्ननर ने 25 इंस्पेक्टरों को नई तैनाती दी है। यह इंस्पेक्टर थानों में अतिरिक्त निरीक्षक का काम देखेंगे। दुर्गाचरण को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक थाना कोतवाली, निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह को थाना शाहगंज, सुधीर कुमार सिंह को थाना खुल्दाबाद, रणन्जय सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक थाना हण्डिया, सुरेन्द्र पाल सिंह को थाना धूमनगंज, पंकज सिंह को एयरपोर्ट थाना, इन्द्रजीत कुमार आर्य को करेली, संजय कुमार द्विवेदी को थाना अतरसुइया, अनिल कुमार को अतरसुइया, श्रवण कुमार को मुठ्ठीगंज, जितेन्द्र सिंह को कर्नलगंज, वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा को थाना कीडगंज, ओम प्रकाश यादव को थाना दारागंज, गणेश तिवारी को प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय पुलिस आयुक्त से थाना करछना, माधव प्रसाद त्रिपाठी को थाना माण्डा, सन्तोष कुमार पाण्डेय को थाना शंकरगढ़, राजेश सिंह को थाना कौंधियारा, नितेन्द्र कुमार शुक्ला को घूरपुर, बृजेश कुमार तिवारी को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ कैम्प कार्यालय से थाना हण्डिया भेजा गया है। इसी प्रकार इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार को वाचक कार्यालय अपर पुलिस आयुक्त से अतिरिक्त निरीक्षक थाना फूलपुर, कृष्ण मोहन सिंह को प्रभारी डीसीआरबी से अतिरिक्त निरीक्षक थाना सोरांव, सतीश कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक थाना फूलपुर से अतिरिक्त निरीक्षक थाना थरवई, पारसनाथ सिंह को थाना फाफामऊ, निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन्स से अतिरिक्त निरीक्षक थाना सरायइनायत, अजय कुमार यादव को नगर जोन से पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है।

# माफिया अतीक की मौत के बाद पहली बार अदालत में पेश हुआ बेटा अली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद पहली बार नैनी जेल में बंद उसका बेटा अली बुधवार को जिला अदालत में पेश हुआ। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पलास गांगुली की अदालत में पेश हुए अली को अब तक सुरक्षा कारणों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया जाता था। उमेश पाल हत्याकांड के अलावा वह करेली में प्रॉपर्टी डीलर जीशान पर जानलेवा हमले और पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में भी वह नामजद आरोपी है। अदालत ने उसकी अगली पेशी के लिए 21 मार्च की तारीख नियत की है।

मामला करेली थाने का है। दिसंबर 2021 में छह जुलाई की घटना का हवाला देते हुए जीशान ने अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद, उसके बेटे अली अहमद, पिपरी कौशांबी के फैसल, चकिया कसारी-मसारी के असाद और आरिफ उर्फ कछोली, अमन, इमरान उर्फ गुड्डू, गोलू, फैसल के भाई मैसर के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में जीशान ने माफिया अतीक और उसके बेटे अली को हत्या की साजिश रचने का आरोपी बनाया था।जिस मामले में अली की बुधवार को पेशी हुई वह घटना 26 जुलाई को दोपहर की बताई जाती है। चकिया निवासी जीशान ने आरोप लगाया था कि वह अपने साथी आंचल कुमार भारतीया और नाजिम के साथ फनगांव के करीब जमीन देखने गया था। इसी दौरान एक कार से फैसल, असाद, कछोली, अमन, इमरान, गोलू सहित अन्य लोग आए और उनकी कार को घेर लिया। तभी मास्क लगा रखे एक युवक ने मारने के लिए कहा। उसकी आवाज सुनते ही कार में सवार फैसल समेत अन्य युवक तमंचा, पिस्टल लेकर दौड़ा लिया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलते ही जीशान ने साथियों के साथ केले के बाग में घुसकर जान बचाई थी। घटना के बाद वह लखनऊ चला गया था, लौटने के बाद उसने एफआईआर लिखने की तहरीर दी थी।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी के लिए हाईकोर्ट से लगाई थी गुहार

अतीक अहमद की हत्या के बाद नैनी जेल में बंद अली ने सुरक्षा बढ़ाए जाने और वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी कराने के की गुहार हाईकोर्ट से भी लगाई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उसे राहत नही दी थी। फिर भी अब तक उसकी पेशी एहतियातन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही कराई जाती थी, लेकिन अचानक बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अली को नैनी जेल से अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। उसे देखने के लिए लोगो का हुजूम भी उमड़ा। अदालत ने पेशी की अगली तारीख नित्य की जिसके बाद उसे फिर नैनी जेल ले जाया गया।

### डिस्चार्ज अप्लीकेशन दाखिल किया

अली ने डिस्चार्ज अप्लीकेशन दाखिल किया है। इस पर 21 मार्च को सुनवाई होगी। पेशी में आए अली का लुक काफी बदला था। वह सामान्य कपड़ों में नजर आया। बताया जाता है कि वह रोजा भी था।

### शास्त्री पुल की उत्तरी लेने में ही क्यों पड़ती है दरारें

**झूंसी।** 57 साल पुराना गंगा नदी पर बना शास्त्री ब्रिज केवल तीर्थराज प्रयाग को भोलेनाथ की नगरी वाराणसी से ही नहीं जोड़ता है बल्कि प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के लिए भी आवागमन का महत्वपूर्ण सेतु है। इससे होकर गुजरने वाली ग्रांड ट्रंक रोड बिहार प्रांत और पश्चिम बंगाल को भी प्रयागराज से जोड? का काम करती है। इस पुल की उत्तरी लेन में आये दिन खराबी से लोगो को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उत्तरी लेन में बार बार क्यो खराबी आती है इसपर जिम्मेदार जान कर भी अंजान बने है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो 1966-67 के दौरान इस पुल की नींव रखी गई तब इसकी भार क्षमता 40 टन ही थी लेकिन अब प्रतिदिन सैकड़ो बड़े-बड़े ओवरलोड वाहन गिट्टी, बालू अन्य माल लेकर इस पुल की उत्तरी लेन से गुजरते है। जिसकी वजह से पुल की उत्तरी लेन बनने के कुछ दिन बाद ही डेमेज हो जाती है। कुछ महीने पहले ही पुल की उत्तरी लेन को पूरा छील कर बनाया गया था। जिसपर अब बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। जाम में फसे अधिवक्ता राम बाबू का कहना है कि आरटीओ व पुलिस ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति करती है जिसका नतीजा सबके सामने है। शिक्षक रमेश सिंह का कहना था कि जब तक ओवरलोड वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगेगा सड़के ऐसे ही क्षतिग्रस्त होती रहेगी।

# शास्त्री पुल पर जाम रेंगती रही गाड़िया...



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** शास्त्री पुल की एक लेने में आई खराबी की वजह से पुल को वनवे कर दिया गया। एक ही लेन पर गाड़ियों के आवागमन से लोगों को जाम का जाम झेलना पड़ रहा है गुरुवार को तीसरे दिन भी शास्त्री पुल पर गाड़ियां रेंगती रही सुबह और शाम स्थिति और भयानक रही। जाम में स्कूली बच्चों के साथ-साथ बिहार पटना एग्जाम देने दिल्ली से आए अभ्यर्थी भी फंसे रहे। शास्त्री पुल पर शहर से झूंसी की ओर जाने वाली लेने में खराबी आने की वजह से एक ही लेन से गाड़ियों का आवागमन हो रहा है जिसकी वजह से दारागंज से झूंसी तक जाम की स्थिति बनी हुई है गुरवार की सुबह यातायात का दबाव बढने लगा तो झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने झूंसी की ओर से शहर जाने वाली गाड़ियों को माघ मेले में काली सड़क की ओर घुमा दिया जिसकी वजह से शास्त्री पुल पर तो यातायात का दबाव कम हुआ लेकिन माघ मेले के काली सड़क पर बने पीपा पुल पर गाड़ियों का दबाव बढ़ गया और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। वही जाम में शहर से लौट रहे स्कूली बच्चो के साथ दिल्ली से बिहार बीपीएससी की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थी काफी समय तक जाम में फसे रहे काफी इंतजार के बाद जब जाम नहीं खुला तो वह सभी बस छोड़कर पैदल ही झूंसी की ओर चल दिए दिल्ली से आई किरण व मनीष यादव के साथ दर्जनों अभ्यर्थियो बताया कि हम लोग आधे घंटे से अधिक समय से यहां फंसे हुए हैं।



### शास्त्री पुल के पिलर से गिरा रोलर हुआ गायब, रोलर बनाने के लिए कानपुर ने मंगाया गया लोहा

**झूंसी।** शास्त्री पुल के 28 नम्बर पिलर की बैरिंग खिसक कर नीचे गिर गई थी जिसकी वजह से पुल के जोड़ों में दरार आ गई। उसे ठीक करने में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी लगे हुए हैं। काम मे लगे कर्मचारियों ने बताया कि बैरिंग गायब हो गई है। बैरिंग बनाने के लिए कानपुर से लोहा मंगवाया गया है। पुल पर अवागम सुचारू होने में हफ्ते भर का समय लगेगा। शास्त्री पुल पर झूंसी की ओर जाने वाली लेन पर 28 नंबर पिलर डैमेज होने से उसमें लगी बैरिंग नीचे गिर गई। जिसे कोई उठा ले गया। बैरिंग के खिसकने से पुल के जोड़ में दरार आ गई। दरार को ठीक करने में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी के साथ एक निजी एजेंसी को लगाया गया है। गुरुवार को तीन जैक से उठा कर पुल को जोड़ो को मिलाया गया। बैरिंग गायब होने से समस्या बढ़ गई। बैरिंग बनाने के लिए कानपुर से लोहा मंगाया गया है। अब यही पर बैरिंग बनाई जाएगी।

### रेस्टोरेंट के सामने बाइक पार्किंग को लेकर हुई मारपीट

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के गंगोत्री नगर अंडर पास के पास बाइक हटाने को लेकर गुरुवार रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मारपीट करने वाले वहां से फरार हो गए। शुआट्स के मासकॉम डिपार्टमेंट में पास स्थित अंडरपास के समीप एक रेस्टोरेंट के सामने बाइक पार्किंग को लेकर गुरुवार रात दो पक्ष आपस में भिड्.गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी मारपीट करने वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस मारपीट करने वालो का पता लगाने में जुटी है।

### गृहकर बकाये पर अल्लापुर जोन में भवन सील

**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ.प्र.शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी द्वारा गृहकर के छोटे बकायेदारों यथा आर्थिक रूप से विपन्न/विकलांग/निराश्रित/विधवा एवं रोजमर्रा का कार्य करने वाले ऐसे किसी भी भवन स्वामी के साथ सहानुभूतिपूर्वक से बकाया गृहकर जमा करने हेतु समझाया जा रहा है। किन्तु वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को न जमा करने वाले ढीठ एव अड़ियल भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जा रही यह निगम की गृहकर वसूली नीति बना दी गयी है जिसपर अमल करते हुए 14 मार्च गुरूवार को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के निर्देशन में जोनल कार्यालय अल्लापुर के अन्तर्गत वसूली टीम द्वारा नई वस्ती वार्ड 50 में भवन स्वामी विश्वनाथ प्रसाद के भवन पर रू0-73.00 हजार गृहकर कर बकाया न जमा करने पर भवन को सील किया गया। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-11.50 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूल की गयी।उक्त कार्यवाही के दौरान जोन 04 अल्लापुर की वसूली टीम में कर अधीक्षक झम्मन सिंह, राजस्व निरीक्षक तथा इन्फोर्समेंट दस्ता उपस्थित रहे।

## आवश्यकता है

मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज कोईलहा, पुरामुफ्ती, कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना केअन्तर्गत स्नातक स्तर पर बी०ए०एल-एल०बी० पाठ्यकम हेतु सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस के एक-एक पद एवं विधि के दो पद) कुल 7 पद योग्यताः विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी०के : नियमानुसार वेतनमान

यू.जी.सी. के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण-पत्र एवं फोटो महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रसूलाबाद पुरामुफ्ती, उर्फ कोईलहा, जी०टी०रोड, कौशाम्बी 212213**

Email: institutemvils@gmail.com
MobileNo.: 9838077859

## हर्षदेव पांडेय बने नए परीक्षा नियंत्रक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शासन ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के नए परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी है। प्रयागराज में एडीएम फाइनेंस रहे हर्षदेव पांडेय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आरओ/एआरओ पुनर्परीक्षा और पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा का सफल आयोजन उनके सामने पहली और सबसे बड़ी चुनौती होगी। पीसीएस-2011 बैच के अधिकारी हर्षदेव पांडेय प्रयागराज में एडीएम प्रशासन के पद पर तैनात थे। कुछ दिनों पहले उन्हें वाराणसी में एडीएम आपूर्ति के पद पर भेजा गया था और अब यूपीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है। यह जिम्मेदारी उन्हें तब मिली है, जब कुछ दिनों पहले ही समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक हुआ और आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। इसके बाद आयोग ने 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 को भी स्थगित कर दिया, जो अब जुलाई में प्रस्तावित है। इन परिस्थितियों में नए परीक्षा नियंत्रक के सिर पर कांटों भरा ताज होगा।

### गोपनीयता बनाए रखने की होती है जिम्मेदारी

प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर उसे प्रिंटिंग प्रेस में छपवाने तक और इसकी गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक पर ही होती। सिर्फ परीक्षा नियंत्रक को पता होता है कि प्रश्न पत्र किस प्रिंटिंग प्रेस में छप रहे हैं। ऐसे में जरा सी गलती परीक्षा नियंत्रक को मुसीबत में डाल सकती है। इससे पहले तीन परीक्षा नियंत्रकों पर हुई कार्रवाई इसका जीता-जागता उदाहरण है। इससे पूर्व परीक्षा नियंत्रक रहे अजय कुमार तिवारी को आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले में तीन मार्च को शासन ने पद से हटाकर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया था। आयोग ने अब तक आरओ/एआरओ पुनर्परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की है। पुनर्परीक्षा की तिथि शीघ्र तय किए जाने और आयोग के कैलेंडर में प्रस्तावित परीक्षाओं को निर्धारित समय में पूरा कराने का दबाव भी नए परीक्षा नियंत्रक पर होगा।

# नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रयागराज।** नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति प्रयागराज एवं नगर निगम के सयुक्त प्रयास रसूलाबाद घाट पर जन जागरूकता एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में सुश्री एषा सिंह,जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ने बताया की नदियां प्रकृति की ओर से मनुष्य को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। ये हमारे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन का बेहद अमूल्य अंग है जिसका संरक्षण करना न केवल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है बल्कि ये सम्पूर्ण मानव जाति के अस्तित्व के लिए भी अति-आवश्यक है ' इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 मार्च को नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस मनाया जाता है। आज नदियों के लिए 26वां वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के अवसर पर रसूलाबाद घाट पर सफाई अभियान के दौरान नगर निगम एवं नमामि गंगे टीम ने गंगा तट का भ्रमण किया ।उसके बाद बृहद सफाई अभियान चला कर पॉलिथीन , माला फूल, पुरानी पड़ी मूर्तियां , प्लास्टिक बॉटल इत्यादि को नदी तट से साफ किया तथा स्थल पर मौजूद जनता एवं नाविक लोगो को नदियो को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया ' इस दौरान नगर निगम प्रयागराज और श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस आई ई सी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने नदियाँ और अन्य मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र सिंचाई और पीने के लिए स्वच्छ पानी के महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। और इसके संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ लेकर किया गया। इस दौरान नगर निगम के एस एफ आई वी सी पटेल, परियोजना अधिकारी विजय बहादुर सिंह, रोहित चंदेल, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### स्वीप प्रयागराज द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब का कार्यक्रम आयोजन

**प्रयागराज।** जनपद स्थित सेन्ट एन्थोनी गर्ल्स इंटर कॉलेज के सभागार में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सदर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला के दौरान छात्रों ने पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकार प्रथम, द्वितीय, तृतीय व मतदाता बनकर चुनाव की प्रक्रिया को लोगों को समझया । कार्यक्रम के दौरान स्वीप प्रभारी नगर क्षेत्र अनुपम परिहार ने छात्र-छात्राओं प्रधानाचार्यो,शिक्षको को मतदाता जागरूकता पर विभिन्न फार्मों और वोटर हेल्पलाइन एप के उपयोग की जानकारी दी। जिन छात्र-छात्राओं ने इस पाठशाला में प्रतिभाग किया उन्होंने अपने अनुभव मंच से साझा किए। जीआईसी के छात्र अनुज कुमार ने मतदान की प्रक्रिया क जब बारीकी से बताया तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सभागार में सदर क्षेत्र के स्वीप सदस्य इरशाद अहमद,शहर उत्तरी डॉ. प्रसन्न कुमार घोष, शहर दक्षिणी विश्वनाथ मिश्र, स्वीप प्रभारी यमुना पार शेषनाथ सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। विभिन्न कॉलेजों से आये प्रधानाचार्यों व नोडल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत मे स्वीप प्रभारी नगर क्षेत्र अनुपम परिहार ने मतदाता शपथ दिलवाई तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### पूर्व सांसद धनंजय की ओर से नहीं दाखिल हुई अर्जी, एमपीएमएलए कोर्ट ने सुनाई है सात साल की सजा

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील दाखिले को लेकर उड़ अफवाह आज भी तेज रही, लेकिन अधिकृत सूत्रों के मुताबिक अभी तक पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से कोई अर्जी या अपील दाखिल नही हुई है ।गौरतलब है की वर्ष 2020 के जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में हुए अपहरण के मामले में जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें सात साल कारावास की सजा सुनाई है ।चुनावी साल में पूर्व सांसद को सुनाई गई यह आज उनके राजनैतिक भविष्य के लिए बेहद कष्टदाई है। इस सजा पर अगर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाई जाती है तभी वह लोकसभा चुनाव लड़ सकेंगे। बरहाल, अभी तक उनकी ओर से सजा को निलंबित करने और जमानत हासिल करने की कोई अपील और अर्जी रजिस्ट्री में दाखिल नही है।

## आवश्यकता है

एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू,कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ता 6 पद एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवक्ता - 1 पद (राजनीति विज्ञन) एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू०जी०सी० के नियमानुसार वेतनमान यू०जी०सी० के मानकानुसार विज्ञपन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों एवं फोटो विधि महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्ट्रेड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक एम० वी० आर० लॉ० कालेज, कसिया, सिराथू, कौशाम्बी - 212201**

**Email-nodalmvrl@gmail.com**

मोबाइल नं0- 7518011098

# बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाये और उन्हें नई-नई तकनीकी जानकारी दें-जिलाधिकारी

## तुलसी सदन में जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने दीप प्रज्जवलित एवं माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तुलसीसदन परिसर में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

बच्चों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यो/अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे ले जाये और उन्हें नई-नई तकनीकी जानकारी दें जिससे वे आगे बढ़कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उन्होने कहा कि जनपद में 129 विद्यालय निपुण हुये है और अवशेष विद्यालय एवं बच्चों को भी शत् प्रतिशत निपुण बनाया जाये तभी इस अभियान को पूर्ण माना जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि निपुण भारत योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को दिया जाये और शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया जाये जिससे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सके। जनपद के जो भी विद्यालय निपुण नही हुये है उन्हें निपुण की श्रेणी में लाया जाये। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण विद्यालयों के 09 प्रधानाचार्यो को प्रशस्त्रि पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अन्य 120 निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में विज्ञान प्रदर्शनी के 94 बच्चों को बैग, जमेटरी बाक्स, सेलो पानी का बॉटल, कापी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक निर्माण प्रदीप यादव, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# कोयला भट्ठियों पर वन विभाग की गरजी जेसीबी, वन माफियाओं में मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** वन विभाग ने आज बड़ी कार्यवाई करते हुए तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर संचालित की जा रही अवैध कोयला भट्ठियों पर बड़ी कार्यवाई को अंजाम देते हुए 8 कोयला बनाने की भट्ठी पर जेसीबी चलाकर जमींदोज जर दिया है। वन विभाग की कार्यवाई से इस काले कारोबार में लगे सिंडीकेट में टहलका मच गया है। हालांकि इसके पूर्व भी इस तरह की कार्यवाई की गयी थी, लेकिन कार्यवाई के बाद ये कोयला बनाने वाले लोग दुबारा से इसको संचालित कर लेते हैं।

बताते चलें कि कुंडा तहसील क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर इस तरह की यूनिट चलाई जाती हैं, लेकिन इस बार जैसे ही आशीष सिंह ने रेंजर पद का चार्ज लिया तो आते ही इनका विवरण जुटाकर आज भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लगाकर बड़ी कार्यवाई कर दिया। हथिगवा थाना क्षेत्र मे चल रहे 8 भट्ठियों पर बुल्डोजर चलाकर नष्ट



जेसीबी से कोयला भट्ठी के तोड़ते कर्मचारी।

करवा दिया गया और मौके पर मौजूद लकड़िओ को जब्त कर लिया है। इस सन्दर्भ मे जब रेंजर कुंडा से बात की गयी तो उन्होंने ने बताया कि एनजीटी और पर्यावरण विभाग के रोक के बावजूद भी भट्ठियां चलाई जा रही थी। चार्ज लेने के बाद से हिन इनका डेटा संग्रह करवाया गया और आज कार्यवाई करके इन्हे जमींदोज कर दिया गया। इसके साथ ही इसको संचालित करवा रहे लोगों तक ये स्पष्ट संदेश दिया गया की अब कोयला भट्ठियों को दुबारा चलने की खबर मिलती है तो इससे भी बड़ी कार्यवाई को अंजाम दिया जायेगा। कुल मिलाकर आज की कार्यवाई से दो बातें स्पष्ट है की यदि वन विभाग ने ईमानदारी से कार्यवाई किया है तो इनको दुबारा संचालित नही किया जायेगा और यदि अपनी गुणा गणित के लिए कार्यवाई हुयी है तो चंद दिन बाद ये दुबारा से प्रदूषण का काला धुंवा उगलने लगेगी।

# घर के बाहर बधे मवेशी खोल ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बहेलिया पुर गांव निवासी अशोक श्रीवास्तव ने आरोप लगाया है कि घर के बाहर गौशाला में बधे मवेशी को बीती रात अज्ञात चोरों ने खोले गए। सुबह जब परिजन सो कर उठे तो गौशाला से मवेशी गायब देख आवास रह गए। इधर-उधर खोज करने के बाद भी जब नहीं मिली तो पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गौशाला से बुधवार की रात्रि अज्ञात चोर गया को खोलने गए। जब सुबह परिजन सो कर उठे तो पशुशाला से मवेशी गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब नहीं मिली तो पीड़ित ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# राष्ट्र सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं: प्राचार्य

### एमडीपीजी कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती पूजन एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का वाचन सभी स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इसी क्रम में सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रमाधिकारी प्रो. अमिता मिश्रा एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

सात दिवसीय विशेष कैम्प कार्यक्रम की एक संक्षिप्त रूप रेखा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने ग्रामीण परिवेश में शिक्षा,




एनएसएस शिविर में बोलते कार्यक्रमाधिकारी।

स्वास्थ्य, स्वच्छता, मतगणना जागरूकता एवं महिला सशक्तीकरण के अपने सात दिवसीय मिशन पर बल देते हुए छात्रों में उक्त गुणों के विकास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा राष्ट्र सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती उन्होंने कहा आप जो भी काम करें पूरी ईमानदारी एवं तल्लीनता के साथ करें तभी आप एक सफल नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्वान प्राध्यापकों ने छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो.अरविन्द मिश्रा, प्रो किरण मिश्रा, प्रो राधा कृष्ण दुबे, प्रो निशा सिंह, प्रो.उषा दुबे, डॉ अरविन्द मौर्या, डॉ अरुण मिश्रा, डॉ.संजय कुमार दुबे, डॉ .रंजीत पटेल, डॉ .अभिषेक सिंह, डॉ. मुक्ता वर्मा, श्रीवर्धन पाण्डेय, योगाचार्य अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# विकास का मजबूत वातावरण बनाये जाने में संसाधनों की दिखेगी सुसज्जा: मोना

## राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने ब्लाक मुख्यालय को दी सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के द्वारा ब्लाक मुख्यालय की सुसज्जीकरण को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने खुशी जतायी है।

रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भव्य प्रवेश द्वार तथा अमृत सरोवर में आकर्षक फव्वारे व कार्यालय के नवीनीकरण समेत जनता की सुविधा के लिए सीसी रोड के चैडीकरण की समारोहपूर्वक सौगात दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता



कार्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण का उदघाटन करते सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना।

करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुर संग्रामगढ़ विकास योजनाओं में जिले में आदर्श ब्लाक का दर्जा रखता है। ऐसे में अब यहां भव्य इन्दिरा गांधी प्रवेश द्वार तथा अमृत सरोवर में आकर्षक फव्वारे व लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए सीसी रोड के चैडीकरण से विकास का वातावरण और मजबूत होगा। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानो तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से ब्लाक स्तरीय ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं के संचालन मे प्रभावी योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विधायक मोना द्वारा नारी शक्ति केन्द्र के संचालन कराए जाने को लेकर भी खुशी देखी गयी। खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर ने शासन की विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। संचालन राकेश चतुर्वेदी ने किया। संयोजन पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने किया। इस मौके पर जिपंस लालजी यादव, जिपंस रघुनाथ सरोज, अवधेश सिंह, डॉ. नन्हें लाल यादव, रविशंकर शुक्ल, लालजी पटेल, आशीष सिंह आदि रहे। आभार प्रदर्शन एडीओ आजाद सिंह ने किया।

# समाजवादी युवजन सभा ने घोषित की युवजन सभा कमेटी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर दिन बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़ के युवजन सभा जिला अध्यक्ष संजीव पटेल ने युवजन सभा कमेटी की घोषणा की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव और जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी युवजन सभा के पदाधिकारी को मानोनयन पत्र दिया। आज के प्रोग्राम की अध्यक्षता युवजन सभा जिला अध्यक्ष संजीव पटेल ने किया और संचालन युवजन सभा जिला महासचिव प्रेम यादव ने किया। इस मौके पर युवजन जिला अध्यक्ष संजीव पटेल ने अपने कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारी से कहा कि आज से हम लोगों को अपने-अपने विधानसभा में लोगों से मुलाकात करनी है और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल को लोकसभा प्रतापगढ़ से विजयी बनाना है और भाजपा सरकार द्वारा नवयुवकों पर अत्याचार, किसानों के ऊपर अत्याचार, आए दिन नवयुवक द्वारा आत्महत्या किए जाने जैसे कार्यों को रोकने के लिए इस सरकार को उखाड़ फेंकना है।

इस मौके पर युवजन जिला उपाध्यक्ष यश चंद्र उर्फ ईशु, मुफिज अहमद, सुनील पटेल ,संजय पटेल, कोषाध्यक्ष रणविजय यादव, जिला सचिव राहुल कुमार पाल, पंचम वर्मा, विमल यादव, राहुल वर्मा, अशोक कुमार विश्वकर्मा, अमरनाथ पटेल, संजय पटेल, लवलेश यादव, विजय यादव, विधानसभा अध्यक्ष तनवीर राजा, राजन पाल, अब्दुल जमील, लाल, अवधेश कुमार राम, विशाल, सुनील यादव विधानसभा महासचिव बंसीलाल, सूबेदार यादव, अमरीश पटेल, अमृतलाल विश्वकर्मा, बृजेश गौतम, मोहम्मद बसीर अहमद, सरताज अहमद, रियाजुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

# दो बाइकों की हुई आमने-सामने टक्कर हादसे में चार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को पट्टी सीएचसी लेकर आए। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के कलीनापुर गांव के रहने वाले ध्रुव कुमार बरनवाल अपनी बाइक से बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे के आस-पास कॉलेज के लिए निकला था। अभी वह सेंट जेवियर स्कूल के समय पहुंचा था कि सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें दूसरा बाइक सवार महुली जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले अपने रिश्तेदारी पत्नी व बेटी के साथ जा रहा था। जिसमें दूसरे बाइक सवार घायल हुए हैं राम सुंदर पुत्र मोनू लाल, पत्नी आरती, बेटी राधा के साथ राजा बाजार जा रहा था। बाइक से घायल हो गए। फिलहाल सभी घायलों का इलाज पट्टी सीएचसी में चल रहा है। इस मामले में कोतवाल दीप नारायण से जब फोन से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि अभी किसी की तरफ से कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है और घायलों का इलाज चल रहा है प्रार्थना पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# हर अंग के गलत इस्तेमाल का रोका जाना जरुरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गीबात, चुगलखोरी, इल्जामतराशी, गाली-गलौज वगैरह से रोजे के सवाब और फायदे चले जाते हैं। रोजे की हालत में ऐसा करने वाले सिर्फ भूखे-प्यासे रहते हैं, उन्हें रोजे का कोई फायदा नहीं मिलता। रोजेदार को इन बातों का सख्ती के साथ परहेज करना चाहिये। यह बातें पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना के प्रधानाचार्य जनाब मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कही।

उन्होंने कहा कि रमजान के रोजे अरबी माह शाबान की 10 तारीख को दो हिजरी में फर्ज हुए। सबसे पहले हजरत आदम अलैहिस्सलाम पर हर माह के तीन रोजे फर्ज थे। कुरान-पाक



मुख्तार अहमद हबीबी।

में है कि तमाम नबियों पर रोजे फर्ज थे।

दुनिया के सभी धर्म में भी रोजा यानी व्रत रखा जाता है जिसका एहतेमाम अन्य धर्मों के लोग भी करते थे। रसूल पाक सल्ल. की हदीस में है कि रोजा खाने-पीने और शहवते नफ्सानिया यानी यौन इच्छाओं से रुक जाना है। रोजा इस्लाम के पांच फरायज यानी अनिवार्य चीजों में से एक है। हर वयस्क मुसलमान को रोजा रखना फर्ज है। रोजे की हालत में सिर्फ खाने-पीने से ही नहीं रुका जाता बल्कि अन्य तमाम बातों से भी परहेज किया जाता है जिसका मक्सद इंसान को दीन के हुक्म के मुताबिक मर्यादित करना है। रोजा रखकर मुसलमान न सिर्फ फर्ज पूरा करता है बल्कि परहेजगार बंदा बनने का अभ्यास भी करता है। रोजा रखने वाले को गीबत, बोहतान, गाली-गलौज से परहेज करना चाहिये। गीबत यानी पीठ पीछे बुराई करना, चुगलखोरी यानी इधर की उधर लगाना, बोहतान यानी गलत इल्जाम लगाना आदि गुनाह हैं। ऐसा करने से रोजे के सवाब और फायदे चले जाते हैं।

# क्विज प्रतियोगिता टॉप-10 में आए कटरा गुलाब सिंह के तीन बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** खांड शिक्षा अधिकारी मान्धाता के दिशा निर्देश में ब्लॉक संसाधन केंद्र मांधाता में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई। मान्धाता विकासखंड के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान से संबंधित 30 प्रश्न बहुविकल्पीय तथा तीन प्रश्न लघु उत्तरीय पूछे गए थे मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के तीन बच्चे टॉप टेन में अपना स्थान बनाएं जिसमें शिवांश गुप्ता आदर्श विश्वकर्मा आदित्य अग्रहरि आदित्य कुमार मौर्य नितिन अंकित पटेल अनुप्रिया पटेल स्तुति खुशी नंदिनी बच्चों ने अपना स्थान टॉप टेन में बनाया। कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जियालाल, राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद फरहीम, श्याम प्रकाश मौर्य, प्रेम कुमार यादव,अनुज प्रताप सिंह, विकास कुमार, अभिषेक सिंह, अर्चना मौर्य, ममता गुप्ता, अमित कुमार, प्रदीप शर्मा,ए आर पी राजेश प्रताप सिंह, सत्यजीत सिंह, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद रिजवान, कौशल प्रताप सिंह उपस्थित रहे। भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी में बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# रेस्टोरेंट मालिक की करंट लगने से मौत, युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** छत के ऊपर से गुजरे बिजली के तार में पाइप छू जाने से रेस्टोरेंट संचालक गंभीर रूप से झुलस गया। सीएचसी में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव निवासी विजय वर्मा पुत्र उमाशंकर उम्र 28 वर्ष पट्टी कस्बे के पट्टी रानीगंज मार्ग पर ऑल वेग नाम से एक रेस्टोरेंट का संचालन करता था।

बुधवार की शाम करीब 4 बजे छत के पीछे रखी लोहे की पाइप को हटाकर दूसरे स्थान पर रखने जा रहा था। इस दौरान पाइप छत के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज विद्युत सप्लाई के तार से छू गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे एस आई इंद्रेश कुमार ने बताया की परिजनों को सूचना दे दी गई है । उनके आने के बाद ही यह पता चल पाएगा की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाएंगे भी या नहीं। वहीं सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन। पुलिस शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में थार जीप में लगी आग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के गोंई गांव के समीप थार जीप में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। हादसे का कारण अचानक वाहन के सामने नीलगाय आना बताया जा रहा है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोंई के समीप थार जीप में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना की सूचना पर मौके पर 112 पुलिस के साथ दिलीपपुर थाने की पुलिस पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया इस दौरान थार जीप जलकर राख हो चुकी थी। रायबरेली जनपद के सलवन थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव के रहने वाले हसनैन खान पुत्र अकरम खान पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव के रहने वाले सदाफ के घर जा रहे थे। इस दौरान पट्टी रानीगंज मार्ग पर गोंई गांव के समीप वाहन पहुंचा था कि अचानक वाहन के सामने नीलगाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में वाहन चालक थार जीप लेकर सामने पार्किंग में खड़ी ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन चालक ने किसी तरह से वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतका के मायके पक्ष के लोग विवाहिता की मौत को लेकर ससुरालीजनों पर हत्या की आशंका में देखे गये। लालगंज कोतवाली के भोगापुर भटनी में विनोद सरोज की पत्नी अनीता 30 का शव गुरूवार की सुबह उसकी दस वर्षीया बेटी ने फंदे से लटकता देखा। मां को फंदे पर लटकता देख मृतका की पुत्री मोहिनी ने शोर मचाया तो परिजन आवाक रह गये। अनीता का शव बंद कमरे में लटक रहा था। सुबह मोहिनी सो कर उठी तो मां को काफी देर तक बाहर न देखकर कमरे के समीप गयी। वहां कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने के बावजूद भी अंदर से कोई आवाज न आयी तो मोहिनी ने खिड़की से झांका तो उसकी मां फंदे पर झूलती दिखी। बेटी ने शोर मचाया तो परिजन भी परेशान हो उठे। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। अनीता अपने पीछे पुत्री मोहिनी 10 के अलावा पुत्र मोहित 06 तथा कार्तिक 03 को छोड़ गयी है। मृतका का पति विनोद राजस्थान में ईंट भटठे पर काम करता है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नही मिली है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर मां की मौत को लेकर बच्चे बिलखते दिखे। परिजनों में भी कोहराम मचा देखा गया।

# निर्ममतापूर्वक हत्या कर हत्यारे फरार पुलिस के हाथ खाली

## पुलिस थाना से लेकर पुलिस अफसरो की चौखट पर न्याय मांगा लेकिन अफसरो से फरियाद के बाद बदले में उसे मौत मिली

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के देवरी गांव में जमीन के विवाद को लेकर किसान की धारदार हथियार से गला रेत कर बड़ी ही निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई। हत्या के बाद हत्यारे फरार हो गए हैं घटना को 12 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद पुलिस के हाथ खाली हैं दिनदहाड़े किसान की हत्या की वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके वारदात पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में मृतक किसान के परिजनों की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी रामसूरत यादव उम्र 55 वर्ष पुत्र भैरव प्रसाद अपने बेटों के साथ खेत में सिंचाई कर रहा था। तभी सुबह तड़के पहर बेटों ने पिता को घर जाने के लिए भेजा। राम सूरत यादव घर जा रहा था तभी पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उस पर किसी धारदार हथियार से गला रेत कर बड़ी ही निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। वहीं किसान की हत्या की वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों का भी रो-रोकर बुराहाल है।मंझनपुर कोतवाली के भेलखा गांव की जमीन पर दबंगो ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया था जीवित रहते रामसूरत यादव ने पुलिस थाना से लेकर पुलिस अफसरो की चौखट पर न्याय मांगा लेकिन अफसरो से फरियाद के बाद बदले में उसे मौत मिली जमीन पर दबंगों के कवियों से निजात के लिए वहां अदालत से मुकदमे की पहली कर रहा था मुकदमे का फैसला नजदीक था मुकदमे से उसे हटाने के लिए कहीं रणनीति तो नहीं बनाई गई है( नई सर्किल का गठन होते ही अपराधियों ने हत्या कर के पुलिस महकमा को फिर खुली चुनौती दे दी है हालांकि अभिषेक सिंह को अब कौशांबी क्षेत्र का सीओ बनाए जाने के बाद कैसे अपराधों में कमी की उम्मीद लगाई जाए यह पहले मंझनपुर क्षेत्र में सीओ थे इनकी तैनाती के दौरान अपराधों में कमी नहीं थी अब नई सर्किल क्षेत्र में कैसे अपराधों में कमी की उम्मीद लगाई जाए आम जनता क्षेत्र में बढ़ते अपराध से दहल रही है सीओ अभिषेक सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के देवरी गांव में एक व्यक्ति की हत्या हो गई है। इस सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद मृतक राम सूरत यादव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आवश्यक कार्यवाही की बात करने वाली पुलिस खबर लिखे जाने तक खुलेआम हत्या करने वाले हत्यारो को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में कई राउंड पलटी खाकर पलटी, दो सगे भाई घायल

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में कई राउंड पलटी खाकर हाइवे के किनारे खेत में जाकर पलट गई,हादसे में दो सगे भाई घायल हो गए,मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरमपुर निवासी दो सगे भाई कही से आ रहे थे और वापस अपने घर जा रहे थे,जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा पार किए तभी गिरसा के पास अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई और फिल्मी स्टाइल में कई राउंड कलाबाजी खाकर खेत में जाकर पलट गई जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हुए है कोई बड़ा हादसा अनाही हुआ,मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और पुलिस को सूचना दी,सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज झरोखा

### सैनी कोतवाली पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया एरिया डॉमिनेशन



**अझुवा कौशांबी** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना सैनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स (रइ) के साथ और ड्रोन कैमरे के जरिए एरिया डोमिनेशन किया है सशस्त्र पुलिस बल कंपनी कमांडर सुग्रीव सिंह का नवीन मंडी समिति प्रांगण में सैनी कोतवाली अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या कुमार और चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ने माल्यार्पण कर स्वागत किया है तत्पश्चात सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ सैनी कोतवाली पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ड्रोन कैमरे के जरिए सनई मंडी, सब्जी मंडी ,गुड मंडी लाई मंडी होते हुए पुलिस चौकी पहुंची है वहां से काफिला धूमाई, सांखा क्षेत्र का डोमिनेशन कर ताकत का एहसास कराया गड़बड़ी के इरादे पालने वालों को चेतावनी दी गई कि अगर किसी ने चुनाव में व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं जवानों ने मतदाताओं से कहा कि पुलिस प्रशासन उनकी रक्षा और सुरक्षा के लिए तैयार खड़ा है निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाएं आप लोग और मतदान करें इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक सैनी अयोध्या कुमार चौकी इंचार्ज अरुण कुमार कुमार मौर्य एवं भारी पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।

### अस्थि दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग मुक बधिर मानसिक मंदित बच्चों को कराया गया भ्रमण



**कौशाम्बी** राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश एवं समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के एक्सपोजर विजिट शैक्षिक भ्रमण कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए थे जिस आदेश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर विजिट को रवाना किया गया विजिट में अस्थि दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग व मुक बधिर बच्चों तथा मानसिक मंदित बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया बच्चों को गौतम बुद्ध की तपोस्थली कौशाम्बी ले जाकर अशोक की लाट कौशांबी का किला श्वेतांबर जैन मंदिर कंबोडिया बौद्ध मंदिर तथा प्रभास गिरी व जैन मंदिर का भ्रमण कराने के पश्चात शैक्षिक संस्थान राजेंद्र सिंह राम भजन सिंह इंटर कॉलेज का भ्रमण कराया गया तथा वहीं पर बच्चों को भोजन व जलपान कराया गयो विजिट में राम बहादुर कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह, शारदा कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, अभिषेक सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, वशिष्ठ नारायण शुक्ल, श्रद्धा सिंह व फिजियोथैरेपिस्ट पंकज साहू उपस्थित रहे

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान लाभार्थियों को सीडीओ ने दिया टूलकिट



**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला उद्योग केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में दर्जी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार, नाई एवं हलवाई ट्रेड के प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों यथा-दर्जी ट्रेड के 175, हलवाई ट्रेड के 75, नाई ट्रेड के 25, लोहार ट्रेड के 50, बढ़ई ट्रेड के 100 एवं कुम्हार ट्रेड के 25 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया। उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में लाभार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार चौधरी ने बैंको से ऋण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई के0के0 राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### कम्पोजिट विद्यालय परसरा में धूमधाम से मानाया गया वार्षिकोत्सव एवं माता उन्मुखी कार्यक्रम



**भरवारी कौशांबी** कम्पोजिट विद्यालय परसरा में 14 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम मनाया गया जिसमें सभी बच्चों के माता को आमंत्रित किया गया तथा जो बच्चे निपुण हो गये हैं उनको निपुण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक रविंद्र मिश्र ने माताओं से अपील किया कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे साथ ही बच्चों की हर गतिविधियों पर नजर भी रखें और अपने बच्चों को घर में प्रतिदिन विद्यालय का सह कार्य अध्ययन के लिये प्रेरित करें। साथ ही कक्षा 8 वाले बच्चों का विदाई समारोह एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। विद्यालय की तरफ से कक्षा 8 वाले बच्चों को पुरुष्कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सह अध्यापक नीतू सक्सेना, अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति अरुण कुमार, सह अध्यापक धीरज सिंह, सरिता चौधरी, प्रगति गुप्ता, सुचित्रा विश्वकर्मा, जिम्मी करवरिया, नैना, नागेंद्र कुमार, लवकुश तथा बच्चों के अभिभावक इस दौरान उपस्थित रहे हैं।

### भाई संग भैंस चराने गए बालक की गंगा के सोता में डूबने से हुई मौत



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना के हिसामपुर परसखी गांव का ज्ञानचंद पटेल मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे उसका बेटा सचिन 10 साल और गोलू 6 साल भैंस लेकर गंगा की कछार मजरा सुखऊ का पूरा की तरफ चराने ले गए। भैंस चराते चराते बड़ा भाई गांव के किनारे से बह रहे गंगा के सोते से आगे निकल गया। छोटा वही पर खड़ा रह गया। काफी देर बाद जब बड़ा भाई भैंस लेकर वापस आया तो छोटे को वहां पर न देखकर घबरा गया। सचिन न घर आकर परिजनों को जानकारी दी जिस पर परिजन और ग्रामीण जाकर पानी भरे सोते में खोजबीन करने लगे। इस बीच पिता की सूचना पर शहजादपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गांव के गोताखोर लड़के ननकू, दिनेश कुमार, अंकित कुमार सरोज, कारण सिंह, शुभम पटेल ने घंटो खोजबीन के बाद जाल के माध्यम से बच्चे का शव बाहर निकाला। शव को देख परिवार में रोना पिटना मच गया। इनके अलावा ज्ञानचंद्र के दो और बच्चे हिमांशु 12 साल और नैना सात साल हैं।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराध के विरोध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 02 थाना पश्चिम शरीरा से 02 थाना महेवा घाट से 02 थाना कोखराज से 01 थाना सैनी से 09 थाना मोहम्मदपुर पैंसा से 03 कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया /चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 142 वाहनों का ई चालान किया गया।



## अधिकारियों को दिया गया लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को सामान्य प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर राकेश कुमार सिंह अशोक कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा अधिकारियों को सामान्य प्रशिक्षण के अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी के कार्य एवं दायित्व, मतदान अधिकारी प्रथम/द्वितीय/तृतीय के कार्य एवं दायित्व, चेक लिस्ट से मिलान करके सामाग्री प्राप्त करने,वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मॉक पोल, विशेष परिस्थितियॉ आने पर की जाने वाली कार्यवाही आदि की जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं अरूण कुमार गोंड उपस्थित रहे।

## होली त्यौहार को लेकर डीएम एसपी ने दे दिए तमाम निर्देश अधीनस्थ अधिकारी कर पाएंगे पालन



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी पर्व होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान आदि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद स्तरीय शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को तमाम निर्देश दे दिए हैं होली के त्यौहार के पहले क्या संबंधित विभाग के अधिकारी जमीनी हकीकत में डीएम के निर्देश का पालन कर पाएंगे या फिर होली के त्यौहार को संपन्न कराने के लिए डीएम द्वारा दिया गया निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा केवल अभिलेखों में पूरा किया जाएगा यह सवाल खड़ा है। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान आदि त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक गई कार्यवाही-पीस कमेटी की बैठक, पाबन्द की कार्यवाही व होलिका दहन स्थलो का भ्रमण आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्हांने सम्भ्रान्त नागरिकों से उनकी समस्याओ सुझावों को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि होली,गुड फ्राइडे एवं रमजान त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियां से कहा कि होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि सम्वेदनशील स्थलो पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने सभी ईओ को अपने-अपने निकायो में साफ-सफाई एवं पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं से भी कोई शिकायत न आने पाये। इसके साथ ही उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने डीपीआरओं को ग्रामीण क्षेत्रां में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता,विद्युत को आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को ऊँचा कराने एवं जेई की थानावार/पावर हाउसवार ड्यूटी लगाकर तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता,जल निगम को निर्देशित किया कि हर-घर नल से जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को समय से ठीक करवाना सुनिश्चित किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें। उन्हांने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां को त्यौहार रजिस्टर का अध्ययन करने एवं त्यौहार के दिन एलर्ट रहने तथा भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड प्रबुद्ध सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण तथा सम्भ्रान्त नागरिकगण प्रेम चौधरी एवं नूरूल इस्लाम आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

## घटिया क्वालिटी निर्माण पर भड़की जिला पंचायत सदस्य रुकवाया दिया कार्य

### फर्म के ठेकेदार ने एक लाख रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** तहसील सिराथू के मौजा केसरी में सरकार द्वारा एएनएम सेंटर का निर्माण ड्रिंक्स इंफ्राटेक नामक फर्म निर्माण करा रही है। जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 6 पूनम मौर्य निर्माण अनियमितता को लेकर एसडीएम सिराथू को तहरीर देते हुए निर्माण रुकवा दिया था जिससे फर्म के साझीदार ठेकेदार ने सैनी कोतवाली सहित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जिला पंचायत सदस्य पति राजीव मौर्य पर एक लाख रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। ठेकेदार और जिला पंचायत प्रतिनिधि कोतवाली सैनी में आमने सामने हो कर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए दिखाई दिए हैं। वहीं लोगों ने घटिया निर्माण की फोटो वीडियो डालकर ठेकेदार के तहरीर को झुठला रहे हैं। फिलहाल इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को ध्यान देना होगा जिससे एएनएम सेंटर की गुणवत्ता से खिलवाड़ न हो सके।

## सराय अकिल के व्यापारी ने धूम धाम से निकाली खाटू श्याम की शोभायात्रा



**कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के समस्त व्यापारी बंधुओ ने मिल कर खाटू श्याम की शोभायात्रा बड़े धूम धाम निकाली यह यात्रा करन चौराहा छेदीलाल केसरवानी के निवास से गल्ला मंडी सब्जी मंडी होते हुए फकीराबाद चौराहा हनुमान मंदिर तक गई जिसमे हंसते नाचते गाते हुए लोगो ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया फकीराबाद हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद यात्रा को पुनः शिव शक्ति धाम में लाया गया और वही पर समापन हुआ तत्पश्चात भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया सराय अकिल कस्बा के भक्तों ने जगह-जगह खाटू श्याम की शोभायात्रा में जलपान कराया थाना सराय अकिल की तरफ से जगह-जगह पुलिस फोर्स लगा कर शोभा यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराया गया इस दौरान राजेश केसरवानी श्याम केशरवानी शिव बाबू केशरवानी कामता प्रसाद चौरसिया छेदीलाल केसरवानी नगर अध्यक्ष अनूप सिंह वरिष्ठ पत्रकार नरोत्तम दास अग्रहरि कमलेश कुशवाहा डॉ आशीष श्रीवास्तव कृष्ण नारायण रस्तोगी शिव बाबू केसरवानी गौरी शंकर मोदनवाल मोतीलाल स्वर्णकार समाजसेवी कपिल पांडे रीमिक्स अग्रहरि द्वारिका केसरवानी राहुल केसरवानी दीपक अग्रहरि अजय कुमार एवम हजारों लोग उपस्थित रहे।

## हमारा वर्तमान और भविष्य पर आधारित रहा मेहता महाविद्यालय के शिविर का छठा दिन




**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का प्रथम -सत्र 'हमारा वर्तमान और भविष्य' तथा द्वितीय सत्र ' सोशल मीडिया और समाज ' के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।इसके उपरांत प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हम आज जो करते हैं वही हमारे भविष्य को आकार देता है। आज हम जो कदम उठाएंगे, वही तय करेंगे कि हमारा भविष्य कैसा होगा। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि भविष्य के बारे में हमारा दृष्टिकोण हमारे वर्तमान को कैसे आकार देता है। बड़ा बदलाव बढ़ते प्रदर्शन का दबाव पैदा कर रहा है जो हममें से अधिक से अधिक लोगों को भविष्य के बारे में खतरे पर आधारित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है विरोधाभास यह है कि प्रदर्शन का दबाव बढ़ाने वाली वही ताकतें तेजी से विस्तार के अवसर भी पैदा कर रही हैं। हम कुछ दशक पहले की कल्पना से कहीं अधिक मूल्य, कहीं अधिक तेजी से और बहुत कम संसाधनों के साथ पैदा कर सकते हैं। चुनौती यह है कि, यदि आज हम डर से प्रेरित हैं, तो हम उन अवसरों को कभी देख ही नहीं पाएंगे, उनका पीछा करने की प्रेरणा तो दूर की बात है। हम वर्तमान में कैसे कार्य करते हैं, यह भविष्य के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर गहराई से निर्भर करता है। आइए भविष्य के बारे में एक बिल्कुल अलग दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एक साथ आएं।इसके उपरांत द्वितीय सत्र को डॉ० सतीश चंद्र तिवारी ने संबोधित किया।उन्होंने 'सोशल मीडिया और समाज' विषय पर बोलते हुए कहा कि वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है। इस अधिकार के उपयोग के लिये सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिये हैं, एक दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के जरिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है। लेकिन, चिंता का विषय है कि मौजूदा वक्त में सोशल मीडिया अपनी आलोचनाओं के लिये चर्चा में रहता है। दरअसल, सोशल मीडिया की भूमिका सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और सकारात्मक सोच की जगह समाज को बाँटने वाली सोच को बढ़ावा देने वाली हो गई है। इनके उपरांत उन्होंने सोशल मीडिया, उसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव, भारत में स्थिति, सोशल मीडिया व निजता के अधिकार में संतुलन और सोशल मीडिया के विनियमन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस दौरान बच्चों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

## सीएम के निर्देश पर शुरू हुई पटाखा फैक्ट्री मौत की जांच बनी औपचारिकता

**पटाखा फैक्ट्री विस्फोट के बाद पटाखा फैक्ट्री से कितना बरामद हुआ बारूद के सवाल पर निरुत्तर है अफसर**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में 10 दिन पहले पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के मामले को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया मुख्यमंत्री ने टीम गठित कर पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिया मुख्यमंत्री के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्री की जाच शुरू हुई विस्फोट के बाद भी दर्जनों पटाखा फैक्ट्री जिले में अवैध तरीके से संचालित हो रही है कई दिन बीत जाने के बाद भी अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालन में दोषी अधिकारियों की चिन्हित नहीं किया जा सकता है अभी तक किसी दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई है जिससे जांच टीम की लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है जिले के पश्चिमी छोर से लेकर पूर्वी छोर तक और उत्तरी छोर से लेकर दक्षिणी छोर तक विभिन्न कस्बो में अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है जहां भारी तादाद में बारूद का भंडारण है पटाखा फैक्ट्री की जांच के लिए अफसर की टीम पूरे दिन सड़क पर घूम रही है लेकिन हकीकत में उसकी जांच मुख्यमंत्री को गुमराह कर महज औपचारिकता तक सीमित रह गई है 5 दिन से शुरू हुई पटाखा फैक्ट्री की जांच में अभी तक उसे बारूद नहीं बरामद हो सका है जबकि कई दर्जन पटाखा फैक्ट्री अवैध तरीके से चल रही है जिनमें बड़ी तादाद में बारूद का भंडारण है पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस दिए जाने की बात पर प्रत्येक विभाग के अफसर का कहना कि जिला अधिकारी द्वारा लाइसेंस दिया गया लेकिन पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के एक्सक्लूसिव विभाग द्वारा दिया जाता है जिला अधिकारी को लाइसेंस दिए जाने का कानून में कहा नियम है इसके सवाल पर भी अफसर निरूत्तर हो जाते हैं भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा एक्सक्लूसिव लाइसेंस दिए जाने के नियम के बावजूद जिले में कई दर्जन पटाखा फैक्ट्रियां अवैध तरीके से बीते कई वर्षों से संचालित हो रही है स्थानीय थाना पुलिस चौकी पुलिस श्रम विभाग अग्निशमन विभाग उद्योग निदेशालय के साथ-साथ तहसील के अधिकारियों की भूमिका सवालों में है बताया जाता है कि छोटे पटाखा बिक्री का लाइसेंस रिन्यूअल के नाम से पटाखा फैक्ट्री संचालकों से बड़ी वसूली होती है और इसी वसूली की जिंदा रखने के लिए हमेशा पटाखा निर्माण करने वालों को संरक्षण दिया गया जिससे उन्होंने पटाखा बिक्री के साथ नियम विरुद्ध पटाखा का निर्माण शुरू कर दिया है सुरक्षा के व्यापक प्रबंध न होने से लगातार विस्फोट की घटनाएं हो रही है और निर्दोष लोगों की मौत हो रही है अवैध तरीके से संचालित पटाखा फैक्ट्री को बंद कराया जाना होगा निदोषों के मौत को रोकना होगा लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हुई जांच के बाद भी अभी तक ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है पटाखा फैक्ट्री संचालन करने वालों से वसूली के चलते उन्हें बचाने के प्रयास हो रहा है योजना में वसूली में लगे लोगों को चिन्हित करना होगा उन पर कठोर कार्रवाई करनी होगी तब पटाखा फैक्ट्री के संचालक को शासन प्रशासन रोकने में सफल होगा वरना प्रशासन की कार्यवाही की धज्जियां उड़ाने में वसूली में लगे लोग पीछे नहीं रहेंगे।

## संपादक की कलम से

### खरमास में आम चुनावों का खरखास

भारत में निष्ट और अनिष्ट को लेकर बहुत सी मान्यताएं हैं। मजे की बात ये है कि ज्योतिष पर भरोसा रखने वाले देश में इस बार आम चुनाव खरमास में होने जा रहे हैं जबकि खरमास में कोई भी शुभ कार्य वर्जित माना जाता है। खरमास में ही नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होना है और इसी काल में नए आम चुनावों की तिथियां घोषित की जाएँगी। मै तो इस तरह के झांसे में नहीं आता फिर भी आपको बता दूँ कि खरमास को विशेष ज्योतिषीय घटना है। ज्योतिषानुसार, सूर्य देव के धनु और मीन राशि में प्रवेश करने से खरमास लगते हैं। खरमास साल में 2 बार लगते हैं और खरमास के दौरान कुछ कामों को करने से मनाही होती है। इस साल 14 मार्च, गुरुवार से खरमास की शुरूआत होने वाली है और ये खरमास आने वाली 13 अप्रैल तक रहेंगे।।

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने खरमास को देखते हुए ही शायद नागरिक संशोधन कानून पाक रमजान महीने में लागू किया है। इसी पाक रमजान महीने में खटटर साहब को हरियाणा की चौकीदारी से आजाद कर वहां नायब साहब की सरकार बनवाई गयी है और इसलिए लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों कि पहली सूची खरमास शुरू होने से बहुत पहले जारी कर दी गयी। कांग्रेस और दूसरे क्षेत्रीय दलों ने भी कम से कम इस मामले में एक-एक सूची जारी कर शगुन कर लिया। लेकिन नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और आम चुनावों की घोषणा को खरमास से नहीं बचाया जा सका।

ज्योतिषी खरमास को शुभ समय नहीं मानते ,इसके चलते इस दौरान शादी करने से मना किया जाता है। खरमास के दिनों में मुंडन, गृह प्रवेश और सगाई वर्जित है खरमास में कुछ नया खरीदने से भी मना किया जाता है, खासकर संपत्ति या गाड़ी खरीदनी से हमेशा मना किया जाता है। संयोग से किसी भी ज्योतिषाचार्य ने खरमास में चुनाव करने की मनाही नहीं की। मुमकिन है कि ज्योतिषी चुनावों को शुभ कार्य मानते ही न हों ! क्योंकि अब चुनाव काले धन से लड़े जाते हैं। चुनाव जीतने के लिए हर गलत काम किया जाता है।

खरमास को कोई मलमास कहता है तो कोई पुरुषोत्तम मास। खर का मतलब दुष्ट भी होता है और गधा भी। इसीलिए दुनिया के तमाम गधे इस महीने में बहुत खुश दिखाई देते हैं हालाँकि उनका ज्योतिष ज्ञान शून्य होता है। दुष्ट लोगों के लिए मलमास बड़े काम का होता है। वे इस महीने में अपनी दुष्टता का भरपूर प्रदर्शन कर सकते हैं। राजनीति इस युग में दुष्टता का पर्याय है। इसमें गधे-घोड़ों की महत्ता ज्यादा बढ़ गयी है गधे और खच्चर कभी भी बोझा धोने के लिए राजी रहते है। उन्हें कभी भी चौकीदारी दी जा सकती है या चौकीदारी से हटाया जा सकता है । रहे घोड़े तो वे हमेशा बिकने के लिए राजी होते हैं और बिना हिनहिनाये बिक जाते हैं। उनकी स्वामिभक्ति स्थाई नहीं होती। वे जिस घुड़साल में बांधे जाते हैं उसी के हो जाते हैं। उन्हें तो केवल अपनी कीमत और दाना-पानी से मतलब होता है। पिछले दिनों खरमास से पहले और खरमास के बाद भी गधों और घोड़ों की खूब मांग रही। खरमास में इनका बाजार उठान पर होता है।

मुझे अच्छा लग रहा है कि देश के आम चुनाव इस बार खरमास में ही घोषित किये जायेंगे। नए चुनाव आयुक्त भी इसी खरमास की उपलब्धियों में शुमार किये जायेंगे। सरकार के फैसलों का शुभ-अशुभ से कोई लेना-देना नहीं होता । सरकार जो करती है वो शुभ ही होता है । सरकार शिलान्यास करे या लोकार्पण,हरी झंडी दिखाए या लाल आँखें सभी कुछ शुभ है। सरकार के हाथ केवल हाथ नहीं बल्कि वे कर-कमल होते हैं सरकार के हिसाब से जात-पांत कुछ नहीं है ,इसलिए खटटर साहब को हटाने और नायब साहब को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने में किसी को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। खरमास से पहले हरियाणा में सत्ता परिवर्तन एक शुभ घटना है । भले ही चौटाला फैमिली इस घटना से चोटिल हुई है। राजनीति में ये तो आम बात है । फिर अमरबेल जिसका भी आसरा लेती है ,उसका खून चूसती ही है। भाजपा इस काल की सबसे बड़ी अमरबेल है । चौटालाओं को भाजपा के साथ खड़ा होने से पहले अकालियों,शिव सैनिकों ,बसपाइयों और समाजवादियों से सलाह -मश्विरा करना चाहिए था।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत सही समय पार इलेक्टोरल बांड के मामले में अपना फैसला सुनाया। मजा तो तब आये जब सुप्रीम कोर्ट सरकार से बांड से धन की उगाही की फेहरिश्त चुनाव आयोग की वेब साइट पर डालने के साथ ही अखबारों में भी उनका विज्ञापन कराये। आजकल केंद्र और राज्यों की सरकारें वैसे भी अपनी तमाम उपलब्धियों का विज्ञापन हार चैनल पार करा रहीं है। इलेक्टोरल बांड से धन हासिल करना भी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है । उसका भी प्रचार सरकारी पैसे से ही होना चाहिए,क्योंकि हर कोई तो चुनाव आयोग की वेब साइट पर जा नहीं पायेगा ,और क्या पता कि ये जानकारी अपलोड होते ही केंचुआ कि वेब साइट दम तोड़ दे। इसमें आखिर समय ही कितना लगता है। यदि ऐसा हुआ तो सांप भी मर जायेगा और सरकार की लाठी भी नहीं टूटेगी। किसी भी वेब साइट को हैक करना एक अहिंसक काम है। मैंने तो खरमास में खरगोशों की सेवा करने का फैसला किया है । खरगोशों के कान ही गधों जैसे होते हैं ,बाकी हर खरगोश बड़ा बुद्धिमान माना जाता है । खरगोशों के कान सोशल मीडिया के पत्रकारों की तरह हमेशा खड़े रहते हैं जबकि गोदी मीडिया के पत्रकारों के कानों में हमेशा मैल भरा रहता है।। मेरी चले तो मै गोदी मीडिआ के हर पत्रकार को कानों की अत्याधुनिक मशीने दिलवा दूँ !

## मोदी बनना है - अपनाओ कुछ सरल से नियम

कॉटों पर चल , सफर तय कर आज जिस मुकाम की ओर बढ़ रही हूँ तभी जान सकती कि हृदय के गहरे घाव क्या होते हैं । हर एक घाव को महसूस कर तराश उसे शब्दों में पिरो कर कागजों पर भावों संग उतारना , भी एक कला है । इतना आसान नहीं जितना पाठकों को पढ़ने में लगता । ठीक उसी तरह जो गहरे भावों संग कलम चला दूसरों का दर्द भी समझ , दूसरे के दर्द को महसूस कर इस कदर लिखे की जैसे हर एक घाव उस लेखक के ही भीतर उठे दर्द-ए भावों को अपना घाव समझते हुए लिखे वो भी गहरा , विशाल हृदय वाला लेखक , कलाकार ही कर सकता ऐसा तो। सच सरल शब्दों में कोई किसी ओर व्यक्ति की पीड़ा रूह से तभी समझ सकता जो उस पीड़ा से गुजर रहा या गुजर चुका हो । दरअसल मैं बात कर रही हूँ हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की । जो अपने वाक्चातुर्य , बेहतरीन नेतृत्व शक्ति अन्य बहुत सी खुबियों के कारण किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है । जिन्होंने परिवार के हालातों से जूंझते हुए अर्थात जिन्होंने बचपन में गरीबी देखी जो जानते हैं कि रोटी , दवा , मकान कितना जरूरी है हर एक इंसान के लिये जब इन सब चीजों का अभाव रहता है ना तो समझ आता की इनकी कीमत क्या है पैसा लगता इन सभी सुखों के लिये और पैसा पाने के लिए मेहनत , काम करने की जरूरत होती ठीक उसी तरह इन सभी नियमों और बातों को गॉठ कर उन्होंने जीवन यापन के लिये हर एक काम को सम्मान से किया । वो काम जो उन्हें रोजी देती थी । काम कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता काम तो काम है जो दो पैसा हमें अपने साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण के लिये दे उसका सम्मान करो । यही सम्मान मोदी जी ने सदैव किया अपने काम के प्रति तभी वो जानते समझते गरीब की परिस्थितियों को , जिन परिस्थितियों का सामना उन्होंने किया शायद वो यही चाहते की उन परिस्थितियों से कोई भी ना गुजरे , शायद उनके जिंदगी की परिस्थितियां इतनी दु:खद थी कि वो आज उच्च मुकाम पर भी आकर अपने अतीत को नहीं भुला पा रहे खैर वैसे भी कहा जाता है कि इंसान कितना भी सफल हो जाए उसे अपनी पहली सीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए । अपनी पहली सीढ़ी के एहसास को वो आज भी महसूस करते ही होंगे तभी तो आज वो हर एक गरीब के लिये कितना कुछ सोच उन्हें सुविधा दिलवा रहे .. अगर एक सुविधा हो तो चलो माने भी यहां तो अनेकों सुविधाएं जब से मोदी जी के हाथ में भागदौड़ आई देश की तब से लेकर अब तक गरीबों के लिये कितनी सुविधाएं आई हैं जैसे -- आयुष्मान कार्ड , नि:शुल्क राशन , आवास योजना आदि बहुत सी सुविधांए हाल ही में सोशल मीडिया पर देख रही समाचार चैनल पर जब उत्तर प्रदेश राज्य में गरीबों के लिए बनाई गई आवासीय योजना को देखा तो हैरान थी । कितने सुंदर मजबूत मकान बना कर दिये गये हैं उसमें शौचालय , रसोईघर, कमरे इतनी बड़ी सोसायटी की बच्चे भी मिल जुलकर खेल रहे थे । महिलाओं से जब न्यूज रिपोर्ट ने बात की तो हर एक महिला योगी जी और मोदी जी के द्वारा किये गये कार्यों का बार-बार शुक्रिया अदा कर रही थी । सभी का सपना होता है , अरे ! चाहे अमीर हो या गरीब सब सपना देखते ही हैं की उनका अपना मकान हो सर छुपाने के लिये परंतु हर कोई इतने नसीबों वाला कहॉ की वो सबसे मंहगे सपने को अपनी इस अवस्था में पूरा कर सके तभी तो इन असहायो गरीबों के सपनों को साकार रूप देने के लिये , लिये , लिये गये प्रण को पूरा कर दिखाया है आवासीय योजना ने ।

# डूबने की गारंटी भी देती है आज की सियासत

@ राकेश अचल




कम से कम हमारी पीढ़ी ने तो कभी नहीं सोचा था कि भारत जैसे महान देश में सियासत में गारंटी पर भी गारंटी दी जाएगी। लोग घोषणापत्रों पर नहीं व्यक्तियों की निजी गारंटी पर वोट देंगे और सुविधाएं लेंगे। लेकिन आज गारंटी की राजनीति ही एक कड़वा सच है। आप इसे मीठा सच भी मान सकते हैं बाशर्त कि आपके मन में भक्ति-भाव आम आदमी के मुकाबले कुछ ज्यादा हो, या आपकी दृष्टि कुछ ज्यादा धुंधली हो गयी हो। कायदे से गारंटी उपभोक्तावाद का प्रमुख लक्षण है। गारंटी में 'प्रोडक्ट' की अदला-बदली का करार होता है, लेकिन सियासत की गारंटी में ऐसा कुछ नहीं है।

आज की सियासत में गारंटी का युग शुरू करने का एकमेव श्रेय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। उनसे पहले न उनके वंशजों ने गारंटी की सियासत की थी और न उन कांग्रेसियों ने जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणीय भूमिका अदा की थी। नेहरू, शास्त्री, गाँधी, सिंह, राव और मन मोहन सिंह, जैसे प्रधानमंत्रियों को तो छोड़िये चौमासा प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, आइके गुजराल या हरदन हल्ली देवगौड़ा के अलावा माननीय अटल बिहारी बाजपेयी भी राजनीति में गारंटी का युग शुरू नहीं कर पाए। बाजपेयी जी ने 'इंडिया को साइन' करने की कोशिश की थी तो उन्हें देश की जनता ने चमका दिया, लेकिन मानना पडेगा कि मोदी जी ने बाजपेयी जी को चमकाने का बदला देश की जनता से 'अच्छे दिन आएंगे' का मिथ्या नारा देकर बराबर कर लिया।

आजकल देश में कम से कम 80 करोड़ लोगों को रोजगार की गारंटी भले ही न दी गयी हो लेकिन आने वाले पांच साल तक दो जून मुफ्त अनाज देने की गारंटी जरूर दी गयी है। जाहिर है कि आने वाले पांच साल तक उनके दिन नहीं बदलने वाले। मोदी जी की गारंटी से माँ हो या बाबा सब मजबूत हो रहे हैं, ऐसा आजकल हमें टीवी चैनलों पर आ रहे विज्ञापनों से पता चल रहा है। विज्ञापनबाजी में सरकारों के बीच एक अंधी प्रतिस्पर्द्धा चल रही है। सिंगल इंजिन की सरकार हो या डबल इंजिन की सरकार बराबर अपनी गारंटियों का विज्ञापन कर रहीं है। इस कुकृत्य में न मोदी पीछे हैं और न भगवंत सिंह मान।

बहरहाल बात सियासत में गारंटी की चल रही है। मोदी जी ने दो आम चुनाव केवल जुमलों के बूते जीते थे, अब वे तीसरा चुनाव गारंटी के बल पर जीतना चाहते है। उनकी इच्छाशक्ति का कोई मुकाबला नहीं है। वे जो ठान लेते हैं, कर दिखाते है। उन्होंने ठाना कि वे जलते हुए मणिपुर नहीं जायेंगे तो देख लीजिये नहीं गए। उन्होंने ठान लिया कि वे सब कुछ करेंगे किन्तु आन्दोलनजीवी किसानों से संवाद नहीं करेंगे, तो उन्होंने अब तक नहीं किया। मोदी जी एक -एक दिन में चार राज्यों में चुनावी रैलियां करते हैं लेकिन किसानों से संवाद नहीं करते। उन्हें पता है कि यदि बात करेंगे तो किसानों को भी गारंटी देना पड़ेगी और मोदी जी के पास किसानों को देने के लिए कुछ बचा नहीं है। सब कुछ अडानी, अम्बानी और मोदियों की फौज पहले ही लूट-पाट चुकी है।

मोदी जी ने गारंटी नहीं दी इसीलिए आप देख लीजिये कि कल शेयर बाजार में एक झटके में आम जनता के साथ अडानी जी के भी 13 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। 13 लाख करोड़ रुपए कुछ होते हैं, लेकिन किसी को भी इस होम का धुंआ उठता नहीं दिखाई दे रहा है। न भाजपा बोली और न कांग्रेस। बाकी की तो बोलने की हैसियत ही नहीं बची है। देश के किसान पहले एक साल दिल्ली के बाहर डेरा डेल रहे, सात सौ किसानों की जान चली गयी किन्तु किसी किसान को न तब किसी सियासत ने एमएसपी की गारंटी दी और न आज एक माह से ज्यादा से दिल्ली के बाहर डेरा डाले किसानों को कोई गारंटी देने के लिए तैयार है। मोदी जी किसानों की रैली के जबाब में दिल्ली में पार्टी के लिए रैली कर सकते हैं किन्तु किसानों को जरा सी गारंटी नहीं दे सकते, क्योंकि जानते हैं की किसान उनका, उनकी पार्टी का और उनकी सरकार का बाल भी बांका नहीं कर सकते।

देश में गारंटी की राजनीति के जनक माननीय नरेंद्र मोदी की गारंटियों के जबाब में कांग्रेस ने भी चुनाव से पहले नारी न्याय गारंटी योजना का ऐलान किया है। इसके तहत गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण का वादा कर दिया है। कांग्रेस को भी पता है कि 'न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी'। अर्थात न कांग्रेस कि सरकार बनेगी और न महिलाओं को दी गई गारंटी पूरी करना पड़ेगी। कांग्रेस इलेक्टोरल बांड के जरिये उतना कमा ही नहीं पायी कि सरकार बना ले। कांग्रेस के प्रति अब तो सहानुभूति जताने में संकोच होता है। कमाई का डाटा केंचुआ कि वेब साइट पर आजकल में मिल जाएगा।

राजनीति में गारंटी ने बहुत कुछ बदला है। अब देखिये न लोकसभा चुनाव में टिकिट की गारंटी न मिलने पर कितने लोगों ने अपनी सियासी बल्दियत बदल डाली। कुछ भाजपा छोड़ कांग्रेस में चले गए और कुछ कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गए। देश में इस समय दल-बदल के लिए भाजपा और कांग्रेस ही दो प्रमुख ठिकाने है। यहीं गारंटी से सियासत करने की सुविधा है। बाकी के क्षेत्रीय दलों की गारंटी पर कोई ज्यादा यकीन करता नहीं। देश की जनता जब चड्डी-बनियान तक पर गारंटी मांगती है तो उसे यदि सियासत में गारंटी मिल रही है तो उसे आखिर क्यूँ कर नकारेगी ? काश कि इस गारंटी में चड्डी-बनियान की तरह खराबी निकलने पर सरकार और प्रधानमंत्री बदलने का भी प्रावधान शामिल होता, लेकिन नहीं है ! देश में एक दशक से चड्डी-बनियान वालों कि सरकार है, किसी ने उसे बदला ? फिलहाल लोगों को इस बात पर यकीन करना चाहिए कि देश में ये अंतिम आम चुनाव नहीं है। सरकार की और से गारंटी दी जा रही है कि 2029 में फिर चुनाव होंगे और 'एक देश, एक चुनाव' की तर्ज पर होंगे। मोदी सरकार देश में सब कुछ एक देश की तरह एक करना चाहती है। जैसे एक कानून, एक चुनाव, एक नेता, एक भाषा, एक बोली, एक खानपान, एक परिधान, एक राष्ट्रगान, तीन रंग के बजाय एक रंग का निशान, एकांगी संविधान और एक भगवान। अब देखिये कब तक देश एकाकार होता है ? हम भी फिलहाल यहीं हैं और आप भी। जय सियाराम।

## प्रधानमंत्री के सपने और देश की हकीकत

- सर्वमित्रा सुरजन

जनता को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम में कहा कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए... विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।

बात बिल्कुल सही है कि श्री मोदी के सपने बिल्कुल मामूली नहीं हैं। उन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री रह कर संतोष नहीं किया, देश से फिर अपने लिए 60 महीने मांगे। मांगने का कारण वही पुराना था कि उन्हें देश का विकास करना है। पांच साल यानी 60 महीने बाद फिर से पांच साल और मांगें, क्योंकि पहले पांच साल तो विकास की तैयारियों में ही लग गए और उन्हें देश का विकास अब भी करना था। इस तरह दस साल गुजर जाने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के सपने इतने बड़े हो गए हैं कि उन्हें पांच साल का मामूली जनादेश नहीं चाहिए, वे अब 2029 तक की बात नहीं करते, सीधे 2047 की बात करते हैं। नरेन्द्र मोदी के नामामूली संकल्पों का ही नतीजा है कि लालकिले से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी वही यहां आकर झंडा फहराएंगे। अब तक के प्रधानमंत्रियों ने लोकतंत्र को लेकर जितना लिहाज बरता था, प्रधानमंत्री मोदी के विराट, विशाल और तेज गति वाले सपनों ने उन तमाम लिहाजों को रौंद दिया और बता दिया कि लोकतंत्र में अधिनायकतंत्र का सिक्का कैसे जमाया जाता है।

जिस हरियाणा में सोमवार को श्री मोदी ने अपने सपनों और संकल्पों के बारे में जनता को बताया, वहां जनता से नहीं पूछा कि उनके सपने और आकांक्षाएं क्या हैं।



प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा क्या, किसी भी राज्य की जनता से कुछ पूछना जरूरी नहीं समझते। बस अपने मन की सुना देते हैं। जनता के साथ अब उन्होंने अपने नेताओं की बात भी संभवत: सुनना बंद कर दिया है। इसलिए अपने दौरे के अगले ही दिन मंगलवार को उनकी पार्टी की हरियाणा सरकार में बड़ा फेरबदल हो गया। भाजपा और जेजेपी के बीच का गठबंधन टूट गया, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी केबिनेट समेत इस्तीफा दे दिया और कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी मुख्यमंत्री बना दिए गए। भाजपा में अब यही चलन हो गया है। कभी भी किसी को उसके पद से हटाकर नए को लाकर बिठा दिया जाता है। गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड में पहले यही प्रयोग हो चुका है कि अचानक मुख्यमंत्री बदल दिए गए। अनुशासन या अन्य कारणों की वजह से पद से हटाए गए नेता सवाल भी नहीं करते कि आखिर उनकी गलती क्या थी या फिर उन्हें बलि का बकरा क्यों बनाया जा रहा है। अब यह भाजपा का आंतरिक मसला है कि वह अपने नेताओं को सवाल पूछने की छूट दे या न दे। लेकिन जनता अगर सवाल पूछने की आदत भूल जाए, तो यह देश के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है। जनता के सवाल लोकतंत्र में असली सेंगोल का काम करते हैं। आजादी के बाद से 2014 तक इस सेंगोल का दम देश ने देखा, लेकिन फिर जनता के सवाल कम हो गए और अब नए संसद भवन में सोने का सेंगोल स्थापित कर दिया गया है, जो उस सोने के हिरण की तरह प्रतीत होता है, जिसके पीछे राम भागते जाएंगे, लेकिन वो कभी हाथ नहीं आएगा

जनता को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं या फिर उन्हें इतना बदनाम किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग वहां जाना ही न चाहे। चुनाव से पहले जेएनयू नाम की फिल्म प्रदर्शित हो रही है, इसका एक पोस्टर आया है, जिसमें लिखा है जेएनयू: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' । पोस्टर पर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है, पोस्टर पर लिखा है, 'क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है?

बड़े शातिराना तरीके से जेएनयू यानी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छवि को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, यह इस फिल्म के पोस्टर से ही समझ आ रहा है। टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसी शब्दावली पहले-पहल 2016 में जेएनयू में हुए विवाद के बाद ही प्रयोग में आई थी। जब कन्हैया कुमार को देशद्रोही कहा गया, लेकिन उन पर देशद्रोह का कोई मामला साबित नहीं हो सका। इसके बाद कई और विवाद जेएनयू को लेकर खड़े किए गए और अब श्री मोदी के बड़े सपनों की खातिर फिल्मों के सहारे चुनाव में इन विवादों को ताजा किया जा रहा है। जेएनयू से पहले आर्टिकल 370 भी प्रदर्शित हो चुकी है। मुख्यधारा के मीडिया में ये सवाल होने चाहिए कि चुनाव के वक्त ही ऐसी फिल्मों का प्रदर्शित होना क्या किसी बड़ी रणनीति का हिस्सा है। लेकिन इसकी जगह मीडिया में भाजपा के मास्टर स्ट्रोक दिखाए जा रहे हैं कि कैसे हरियाणा में एक सांसद को मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने कई समीकरण एक साथ-साध लिए। मीडिया यह सवाल नहीं करता कि इसी हरियाणा में महिला पहलवानों और किसानों के साथ सरकार खड़ी नहीं हुई, क्या इस बात से जनता नाराज थी और क्या इसलिए श्री खट्टर को हटाकर भाजपा ने नुकसान को संभालने की कोशिश की है।

इसी मीडिया ने महिला पहलवानों के संघर्ष में भी उनका साथ देते हुए कभी प्रधानमंत्री से सीधे सवाल नहीं किया कि क्या आपके सपनों में न्याय के लिए जगह है या नहीं। क्यों आपने ब्रजभूषण शरण सिंह को बाहुओं का दम दिखाने की छूट दी, क्यों उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बनने दिया। बल्कि पेरिस ओलंपिक में भागीदारी के लिए राष्ट्रीय महिला कुश्ती ट्रायल में महिला पहलवान विनेश फोगाट 53 किग्रा वाली श्रेणी में हार गईं, लेकिन 50 किग्रा वाली श्रेणी में जीत गईं, तो इसे एक न्यूज चैनल ने विनेश फोगाट की करारी हार के तौर पर प्रस्तुत किया, मानो विनेश फोगाट की हार में मोदी सरकार की जीत छिपी है। यही शायद श्री मोदी के सपनों का सच है कि उनमें उत्पीड़ित, शोषित और वंचित लोग वैसे ही नजर नहीं आते, जैसे दरभंगा में एम्स की इमारत नहीं दिखती।

राहुल गांधी अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हुए हैं, पिछले दिनों जब वे मध्यप्रदेश में थे तो वहां बुंदेलखंड इलाके की दलित महिलाओं ने अपने जीवन की कड़वी सच्चाई बताई कि उन्हें ऊंची जाति के लोग चप्पल नहीं पहनने देते, कुएं से पानी नहीं लेने देते। एक महिला ने रोते हुए राहुल गांधी से कहा कि देश आजाद है लेकिन हम बहुत दुखी हैं। बुंदेलखड़ जैसे भेदभाव से जकड़े हुए कई खंड देश में हैं, जहां लोग आजादी का अनुभव नहीं कर पा रहे हैं, ऊंचे सपने देखना तो दूर की बात है। इन लोगों के दुख न मोदीजी के सपनों में हैं, न मीडिया के सवालों में। चुनावी बॉड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आंकड़े दिखाने की आनाकानी, सीएए को चार साल बाद अचानक लागू करने की याद आना, लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे को लेकर अनशन पर बैठ सोनम वांग्चुक, चुनाव में नए आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई ऐसे तमाम मुद्दे हैं, जो चुनाव को नया मोड़ दे सकते हैं, जिन पर जनता के बीच विमर्श होना चाहिए। उसे सवाल पूछने के लिए तैयार करना चाहिए। लेकिन यहां अलग ही खेल चल रहा है।

## श्रद्धांजली

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

दाँतों के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं।

ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई।

वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफरत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज था कि उसने चार सौ बीसी कर-के मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था। उसे कौन समझाए कि सड़कें परमानेंट हो जाएँ तो कांट्रेक्टरों, नेताओं, बिचौलियों के बीवी-बच्चे भूखे न मर जाएँ। सही आदमी गड्ढे में गिरकर मर जाए तो यहाँ कौन रोने वाला है। वैसे भी वह समाज का रोड़ा होता है। वैसे लोग समूह बनाकर दो चार दिन जी जाएँ तो गगनचुंबी इमारतों, फ्लाइवओवरों के कांट्रेक्टर, शराब के ठेकेदार कहाँ जायेंगे। झूठों के मरने पर उनकी जमात के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। अपने लिए न सही जमाने के लिए रोना आज की माँग है। आज जो रोएगा कल उसके लिए रोने वालों की कमी नहीं पड़ेगी।

सही आदमी अधिक दिन तक जीवित नहीं रहते। एक दिन सड़क (वास्तव में गड्ढा) दुर्घटना में सहीराम दुनिया को अलविदा कह गये। हमें अलविदा की जगह इंश्योरेंस सुनाई दिया। फिर क्या था हम सब झूठे मिलकर भाभी जी को इंश्योरेंस दिलाने के नाम पर इतने चक्कर कटवाए कि वह थक हारकर घर पर बैठ गयीं। हम लोगों ने बीमा के पैसे वसूल लिए। मौत का पैसा कहीं अपच न हो इसलिए भाभी जी को थोड़ा-बहुत देकर बाकी के पैसों से सहीराम की मौत पर शराब और मुर्ग मुसल्लम की श्रद्धांजली दी। ध्यान देने वाली बात यह थी कि हम झूठे होते हुए भी सहीराम की फोटो के आगे सच्ची वाली शराब का गिलास और मुर्गे की टांग रख दी थी। हाँ यह अलग बात है कि बाद में उसे भी हमने ही पीया और खाया।

# डीएम-एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस दिखाकर नेताओं को आचार संहिता का पढाया पाठ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में राजनैतिक दलों के साथ लोकसभा चुनाव को वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण एवं आदर्श आचार संहिता बाबत बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है। सभी को आचार संहिता के नियम-कानूनों की जानकारी दी गई।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने कहा कि चुनाव दौरान कोई समस्या या सुझाव हो तो उन्हें व पुलिस अधीक्षक तथा एडीएम को बतायेंगे। तत्काल अमल होगा। मतदाता सूची, मतदान केन्द्रों, बूथ की सूची, प्रशिक्षण स्थान, पार्टियों के रवाना स्थल, मतगणना स्थल की जानकारी को सूची दी गई है। सभी मिलकर चुनाव को



नेताओं को वेयरहाउस दिखाते डीएम-एसपी।

निर्भीक-निष्पक्ष ढंग से संपन्न करायेंगे। सोशल मीडिया में गलत खबर नहीं फैलानी। संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता करें। प्रशिक्षण व मतदान को कौन सी ईवीएम मशीन दी जाएगी। नंबरों की सूची दी जायेगी। सभी पार्टियों के साथ समान बर्ताव होगा। चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन हर हाल में होगा। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई पार्टी पदाधिकारी या प्रत्याशी के करने पर कार्यवाही होगी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों अनुसार चुनाव होगा।

पुलिस अधीक्षक ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव संपन्न कराने को पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था है। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस सक्रीय होकर चुनाव कराने में मदद करेगी। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी दशा में नहीं होने दिया जाएगा।

जो गाइडलाइन की प्रति दी गई है, भारत निर्वाचन आयोग को अच्छे से अध्ययन कर पार्टी पदाधिकारियों से पालन करायें। एडीएम एफआर उमेशचन्द्र ने कहा कि चुनाव दौरान पोलिंग पार्टियां चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी से रवाना होंगी। मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण सीआईसी में दिया जाएगा। मतदान समाप्ति बाद स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल रामायण मेला परिसर सीतापुर में है। आदर्श आचार संहिता के नियम- कानून की बुकलेट भारत निर्वाचन आयोग ने दी है। इसके पूर्व डीएम-एसपी समेत पार्टी पदाधिकारियों ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। बैठक में एडीएम उमेशचन्द्र, एडीएम नमामिगंगे वंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम सतीशचन्द्र समेत सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अपना दल एस जिलाध्यक्ष रामसिया सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला, भाजपा के अखिलेश रैकवार आदि मौजूद रहे।

# सीओ सिटी की विदाई पर एसपी ने जमकर सराहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलसि अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ मऊ जयकरन सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के सोनभद्र जिले में तबादला होने पर भावभीनी विदाई दी।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय को मोमेंटो देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय ऊर्जावान अधिकारी है। इनकी कार्य प्रणाली सर्वश्रेष्ठ है। आम जनता व पुलिस में छवि बहुत अच्छी है। आम जनता से सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय का बर्ताव सराहनीय है। उनके जिले से जाने पर तमाम लोगों ने दुख व्यक्त किया। इस मौके पर मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों ने क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय को माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी। विदाई



सीओ सिटी को भावभीनी विदाई देते एसपी।

समारोह में वाचक एसपी परितोष दीक्षित, प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी आंकिक समसुद्दीन, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी सीसीटीएनएस निरीक्षक जेपी उपाध्याय, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ जयलाल आदि मौजूद रहे।

# आखिर एक्सईएन ने तीनों कार्य चहेते को दे ही दिये

## आरईएस एक्सईएन की बेजा हरकत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीडीओ को गुमराह कर विधायक निधि के तीन कार्यों को घोटालेबाज आरईएस एक्सईएन शिवप्रकाश पाण्डेय ने आखिर अपने चहेते ठेकेदार रामप्रसाद द्विवेदी को तीनों कार्य दे दिये हैं। इससे एक्सईएन एसपी पाण्डेय के घोटाले का चरित्र उजागर हो गया है।

ज्ञात है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन एसपी पाण्डेय की बाबत 13 मार्च को समाचार पत्र में खबर छपी थी। चहेतों को लाभ पहुंचाने को एक्सईएन ने सीडीओ को गुमराह किया। अंततः खबर सही हो गई। तीन कार्यों के टेंडर होने व ठेकेदारों के बांड बनने के बाद भी सीडीओ को गुमराह कर कार्यों को एक्सईएन ने निरस्त करवा लिया था। इन्हीं कार्यों को 15 दिन के अन्दर पुनः मैनुवली टेंडर फिर से कराकर अपने चहेते ठेकेदार राम प्रसाद द्विवेदी को तीनों कार्य दे दिये। एक्सईएन ने ये तक नहीं सोचा कि जिन ठेकेदारों के बांड बने हैं, वे अगर हाईकोर्ट चले जायें तो सीडीओ से हाईकोर्ट जवाब-तलब कर सकता है। एक्सईएन घोटाले में इस कदर मशगूल हैं कि उसे अपने सिवाय कुछ सूझता ही नहीं। एक्सईएन के आरईएस में और भी घोटाले हैं, जिनका खुलासा जल्द किया जायेगा।

## एसपी के निर्देश पर छह पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छह लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। गुरुवार को थानाध्यक्ष मानिकपुर ने दिल्ली उर्फ रामशरण पुत्र भुण्ड़ी, रिंकु उर्फ गया पुत्र कौशल किशोर हनुआ, संगम पुत्र लवकुश सरैंया, विनीत सिंह उर्फ कल्लू पुत्र मतगंजन, पप्पू उर्फ परेन्द्र पुत्र लल्लू गढ़चपा व सलीम उर्फ विनोद पुत्र जुम्मन खां सरैंया पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## तीन महिलाओं के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब बरामद

### एक कुंतल लहन किया नष्ट

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में महिलायें।

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन महिलाओं के कब्जे से एक कुंतल लहन नष्ट कर 35 लीटर महुआ शराब बरामद की। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सिपाही राहुल पाण्डेय, महिला सिपाही शानू द्विवेदी व आबकारी टीम के साथ दुवसिया पत्नी चैबेलाल निषाद घुरेहटा के कब्जे से एक कुंतल लहन नष्ट कर 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल ने सिपाही ललित सोनी, महिला सिपाही रचना प्रजापति के साथ आरती देवी पत्नी संतोष निषाद व गायत्री देवी पत्नी जयराज निषाद निवासी बक्टा खुर्द थाना राजापुर के कब्जे से दस-दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने को भाजपाइयों ने कसी कमर

## 80 करोड गरीबों को मोदी ने दिया राशनः सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मानिकपुर व चित्रकूट विधानसभा की चुनाव संचालन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी अध्यक्षता में संचालन समिति में बतौर मुख्य अतिथि/जिला प्रभारी अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, सांसद आरके सिंह पटेल, लोकसभा सहसंयोजक शिवशंकर सिंह, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, सुशील द्विवेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने कहा कि किसी भी चुनाव में संचालन को समिति बनायी जाती है। समिति के विभिन्न कार्य होते हैं। सभी अपने-अपने कार्यों को चुनाव दौरान करते हैं।

गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में चुनाव संचालन समिति की बैठक में प्रभारी लोकसभा ने अब तक के कार्यों की समीक्षा कर कहा कि पार्टी के विभिन्न अभियानों से गांवो मे जाने के काम जारी हैं। सरकार की लाभकारी योजनाओं को दिलाने की गति जारी रहे। मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने को 2014 के पहले देश की व 2017 के पहले प्रदेश की दशा में क्या अंतर है। जनता के बीच चर्चा करनी है। दस साल केन्द्र सरकार पारदर्शी सरकार रही है। बिना भेदभाव के कार्य किये हैं। विकसित भारत की मोदी की गारंटी में जनसुझाव सहभागी बनेंगे। भारत विश्व की तीसरी अर्थ



चुनाव संचालन समिति की बैठक में बोलते प्रभारी।

शक्ति बनेगा। मोदी के नेतृत्व मे पुनः सरकार बनाने के प्रयास करने हैं। जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनावो मे 42 फीसदी वोट पाकर देश ही नहीं, दुनिया में भी डंका बजाया है। इस चुनाव में दस फीसदी वोट बढाना है, तभी मोदी चार सौ के पार का लक्ष्य पूरा कर सकते हैं। सभी मोर्चा पदाधिकारियों, सभी जनप्रतिनिधियों को कमजोर बूथों पर वोट प्रतिशत बढाना है। जनता के सपनों को भाजपा डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। मोदी गारंटी से 11 करोड़ से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, स्वच्छ भारत से 12 करोड़ शौचालय, उज्जवला योजना से दस करोड़ महिलाओ को चूल्हे के धुये से मुक्ति मिली है। पार्टी पक्ष में मतदान को प्रेरित करने का काम करना है।

सांसद आरके सिंह पटेल ने संचालन समिति में कहा कि देश-प्रदेश डबल इजंन सरकार ने चित्रकूट में विकास कार्य प्राथमिकता से किये हैं। चित्रकूट में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, हवाई यात्रा शुरू कर चित्रकूट को देश के विभिन्न महानगरों से जोडने का काम किया है। मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ को राशन, आवास योजना से चार करोड़ गरीब को छत, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ परिवार में नल से जल, आयुष्मान भारत से 55 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए हैं। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी सरकार ने जो कहा, उसे पूरा किया। लोकसभा सहसंयोजक शिवशंकर सिंह ने आभार जताया। बैठक में राघवेन्द्र सिंह, राजेश जायसवाल, मनोज तिवारी, बृजेश पांडे, तीरथ तिवारी, रामबाबू गुप्ता, अखिलेश रैकवार, राजीव त्रिपाठी, जय प्रकाश पांडे, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, हीरो मिश्रा, प्रेमेन्द्र प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, विनोद पांडे, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पाण्डेय, राजेश्वरी द्विवेदी, सुरेश अनुरागी, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह समेत मडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी मौजूद रहे।

# महोबा की घटना से डीएम-एसपी सतर्क

## सुरक्षा लिहाज से खनन पट्टा धारकों को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में खनन पट्टा धारकों के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी ने पट्टा धारकों से कहा कि मजदूरों से पीपीई किट बिना काम न कराये। 18 साल से कम उम्र वाले लोगों से काम न करायें।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में पट्टाधारकों के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खदानों में फॉर्मन/मेट खनन कार्य ब्लास्टिंग दौरान मौजूद रहें। खनन कार्य पट्टाधारकों की देखरेख मे होना चाहिए। ब्लास्टिंग कार्य दिन में करें। धूल से बचाव को बराबर अंतराल पर पानी छिड़कते रहें। सीमा स्तंभ व संकेत बोर्ड सही ढंग से रहे। गाड़ियों में



बैठक में निर्देश देते डीएम-एसपी।

ओवरलोडिंग न की जाये। खनन कार्य खनन नीति के तहत हो। श्रमिको को स्वच्छ पेयजल, शौच को शौचालय सुलभ करायें। सुरक्षित ढंग से कार्य करें। मानक अनुसार ढुलाई करें। हाल में महोबा जिले में दुखद घटना हुई है, खनन कार्य नियम-कानूनों का हर हाल में पालन किया जाये।

पुलिस अधीक्षक ने पट्टा धारकों से कहा कि किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। खनन पट्टा क्षेत्र में सीमा के अंदर खनन करें। खदानों पर मैनेजर/सुपरवाइजर पट्टा धारक रखें। जिला खानिज अधिकारी ने खनन कार्य की कई बिंदुओं पर जानकारी दी है। उसी अनुसार खनन कार्य करें। बैठक में एडीएम एफआर उमेशचंद्र, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह समेत संबंधित अधिकारी वं पट्टा धारक मौजूद रहे।

## दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई। गुरुवार को कोतवाली कर्वी के रैन बसेरा सीतापुर की श्रीमती अनीता देवी पत्नी धर्मपाल ने महिला थाने में पति के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट करने बाबत पत्र सौंपा। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज की टीम ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज व सिपाही दीपिका सिंह शामिल रही।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में युवक को हुई 20 साल की सजा

## विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नाबालिग बालिका को घर से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म मामले में दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। दस हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया है।

गुरुवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 19 जून 2017 को सवेरे साढे चार बजे बरगढ़ बाजार के पश्चिम घर में पत्नी के साथ गया था। एक घंटे बाद लौटा तो नाबालिग पुत्रीघर में नहीं मिली। पत्नी के गहने भी गायब थे। आरोपी हमेशा घर पर नजर रखता था। पूर्व में भी आरोपी पुत्री को भगा ले गया था। रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूर्व में 25 मई 2017 की घटना में रिपोर्ट होने के बाद बयान भी हो चुके थे। आरोपी ने खुद को बचाने को दोबारा पुत्री को बहला-फुसला कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्जकर गोइयाकला के मोहित उर्फ प्रधान को गिरफ्तार कर पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया था। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए मोहित उर्फ प्रधान को 20 वर्ष की सजा समेत दस हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# अजय राज त्रिपाठी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के बने प्रदेश सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी को नामित करने पर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव समेत सपाइयों ने खुशी जताई है।

गुरुवार को प्रदेश कार्यालय से सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा की मौजूदगी में उन्हें प्रमाण पत्र मिला। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ



त्रिपाठी को बधाई देते सपा नेता।

बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा ने अजय राज त्रिपाठी को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव पद पर नामित किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों के हर संघर्ष से कंधा मिलाकर छात्र हितों की आवाज मुखर करने वाले छात्र नेता अजय राज त्रिपाठी लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता हैं। छात्रों के बीच लोकप्रिय नगर पंचायत मऊ के निवासी पूर्व मान्यता प्राप्त पत्रकार/शिक्षक नेता स्व कृष्ण देव त्रिपाठी के पुत्र हैं। छात्र हितों संघर्ष में समर्पित त्रिपाठी को राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान, बांदा-चित्रकूट लोकसभा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। उन्हें शुभकामनायें देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज यादव, युवा कांग्रेस नेता अजय द्विवेदी, शादाब गनी, युवा सपा नेता मनीष कुमार, वरिष्ठ सपा नेता राममिलन बाजपेयी, राममूरत यादव, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शारदा यादव समेत क्षेत्र के तमाम लोगों ने खुशी जताई है।

# परमार्थ न्यास चिकित्सा धाम सेवा की बनेगा मिशाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मेजर रामकुमार शर्मा स्मृति परमार्थ न्यास मुरैना की नई शाखा तीर्थस्थल चित्रकूटधाम में तृतीय मुखारबिंद के सामने लोकार्पित हुई। प्रदेश सरकार के मंत्री व कर्मचारियों समेत साधु-संत व सेवक मौजूद रहे।

गुरुवार को भक्तों से प्रथम मुखारबिन्द के महंत मदनगोपाल दास ने खुशी जताते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र परिक्रमा मार्ग में कोइ संस्था नहीं थी, कोई शासकीय सेवा भी नहीं थी। दीनहीन निःशुल्क मरीजों का इलाज हो सके। मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास साधुवाद के पात्र हैं। देश भर से चिकित्सक आकर लोगों की सेवा करेंगे, ये



शुभारम्भ करते सांसद व मंत्री।

प्रसंशनीय है। संसाधन मंत्री निषाद ने कहा कि सरकार की मंशानुसार कार्य हो रहा है। लोगों को परिक्रमा मार्ग में निःशुल्क इलाज मिलेगा, जो अभी तक नहीं था। देश-विदेशो से भक्त, संत कामतानाथ की परिक्रमा को आते हैं, उन्हे इलाज भी मिले। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, दीनहीन का इलाज हो, ये कार्य पूजा से भी श्रेष्ठ है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि तन-मन-धन से मदद करेंगे। इस कार्य में सेवा से जुड़े रहेंगे। इस स्थान को जितनी शासकीय मदद होगी, वह की जायेगी। अमावस्या समेत अन्य मेलों में यहां डॉक्टरों की कमी नहीं आने दी जाएगी। परमार्थ न्यास का आभार जताया कि मुरैना से आकर यहां इलाज का बीड़ा उठाया। नामदेव सदस्य पिछड़ा वर्ग ने कहा कि वे जिलाधिकारी व सीएमएचओ से चर्चाकर यहां जनऔषधि केंद्र खुलवायेंगे। डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ एसके गुप्ता, डॉ बीएल राजपूत, डॉ देवीशंकर शर्मा, डॉ राजेंद्र शर्मा, अनिता, सुचिता, रीता, जगदीश आनंद, संजय पाठक का सम्मान किया।

## छह देशी बम समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने शीबू पुत्र अतीक निवासी काशीराम कालोनी के कब्जे से छह देशी बम समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही श्यामू व नरेन्द्र शामिल रहे।

# विदेश संदेश

## हमास के हमले मारे गए नेपालियों के परिवारों को इजराइल आजीवन आर्थिक सहयोग देगा

**नेपाल।** फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के आक्रमण में मारे गए नेपाली नागरिकों के परिवारों को इजराइल सरकार आजीवन आर्थिक सहयोग देगी। नेपाल में इजराइल के राजदूत हनान गोडर ने विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से मुलाकात कर सरकार के फैसले की जानकारी दी। गोडर ने विदेश मंत्री को बताया है कि सहायता की पहली किस्त पीड़ित परिवारों को उपलब्ध करा दी गई है। हमास के इजराइल पर हमले में करीब 10 नेपाली नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अधिकांश कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी थे। मगर कंचनपुर जिले के एक छात्र विपीन जोशी की अब तक कोई खबर नहीं मिल पाई है। न तो उसका शव ही मिल पाया है और न हमास ने उसके बंधक होने की जानकारी ही दी है। हालांकि इजराइल सरकार ने विपीन जोशी के परिवार को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। इजराइली राजदूत ने कहा है कि जब तक उसका पता नहीं लग जाता तब तक उसके परिवार को भी आर्थिक सहायता नियमित उपलब्ध कराई जाएगी।

इजराइल सरकार ने उन 134 लोगों के परिवारों को भी इस माह से मासिक भत्ता देना शुरू किया गया है जो अब तक हमास के कब्जे में है। राजदूत गाडर ने कहा कि इजराइल के कानून के तहत वहां रहने वाले किसी भी विदेशी नागरिकों की यदि आतंकी हमले में जान जाती है तो उसके परिवार को इजराइल के नागरिकों की तरह सारी सुविधा मिलती रहेगी।

## रूसी सेना में कार्यरत सात नेपाली नागरिकों की मौत

**नेपाल।** नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रूस की सेना में कार्यरत उसके 07 नागरिकों की मौत हो गई है। नेपाल ने यह भी कहा है कि रूसी सेना में कार्यरत उसके अन्य नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में उन 07 लोगों के नाम सार्वजनिक किए हैं जिनकी मौत रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हाल ही में हुई है। मास्को स्थित नेपाली दूतावास से जानकारी मिलने के बाद विदेश मंत्रालय ने इसकी सूचना सार्वजनिक की है। रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए नेपाली नागरिकों में धादिंग जिले के पूर्ण बहादुर गुरूंग, जाजरकोट जिले के नवीन शाही, उदयपुर के पदम बहादुर घिमिरे, झापा के गंगाराम अधिकारी, बागलुंग जिले के जीत बहादुर विश्वकर्मा, बांके के संजय केसी और रसुवा के सुंदर मोक्तान शामिल हैं।

## नेपाल में लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नेपाल।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट की वकील अनु भट्टराई ने यह याचिका गुरुवार को दायर की याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता अनु भट्टराई ने कहा कि बिना शादी के एकसाथ रहने वाले लोगों की तादाद में काफी बढ़ोतरी हुई है। लिव-इन रिलेशनशिप कानून के अभाव में समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। याचिका में मांग की गई है कि लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर सरकार को कानून बनाने का परमादेश जारी किया जाए। इस मामले में प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद कार्यालय, गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्रालय को भी पक्षकार बनाया गया है।

याचिकाकर्ता ने अमेरिका से लेकर भारत तक में ऐसे कानून होने का जिक्र करते हुए नेपाल में भी सक्षम और योग्य पुरुष या महिला को लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की इजाजत देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि कानून के अभाव में लिविंग टुगेदर में रहने वाले जोड़े को ना तो समाज स्वीकृत करता है और ना ही उनका भविष्य ही सुरक्षित रहता है। अधिवक्ता भट्टराई ने कहा कि लिविंग टुगेदर आज सिर्फ फैशन ही नहीं बल्कि कई युवाओं की जरूरत भी है। ऐसे में बिना कानून के भी हजारों की संख्या में लोग लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। कानून बन जाने से उनकी समाज के प्रति, परिवार के प्रति और सरकार के प्रति भी जिम्मेदारी बढ़ जाएगी।

## इमरान खान को जेल में बैठक करने की भी इजाजत नहीं, दो हफ्ते की पाबंदी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के जेल में बैठकें करने पर पाबंदी लगा दी गई है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल के अंदर बैठकें करने से दो सप्ताह के लिए रोक दिया गया।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पंजाब के गृह विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सुरक्षा अलर्ट की वजह से अदियाला जेल में सभी तरह की यात्राओं, बैठकों और साक्षात्कारों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अधिसूचना में अधिकारियों को जेल परिसर के बाहर कंटीले तार लगाने का आदेश दिया गया।

यह भी कहा गया है कि पुलिस की विशेष शाखा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों और जेल कर्मचारियों का एक नया सुरक्षा ऑडिट एक ही दिन के भीतर किया जाना चाहिए।

द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जेल में इमरान खान की मुलाकातों पर अचानक पाबंदी पर पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने गंभीर चिंता जताई।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# हमास के हमले मारे गए नेपालियों के परिवारों को इजराइल आजीवन आर्थिक सहयोग देगा

**नेपाल।** फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के आक्रमण में मारे गए नेपाली नागरिकों के परिवारों को इजराइल सरकार आजीवन आर्थिक सहयोग देगी। नेपाल में इजराइल के राजदूत हनान गोडर ने विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से मुलाकात कर सरकार के फैसले की जानकारी दी।

गोडर ने विदेश मंत्री को बताया है कि सहायता की पहली किस्त पीड़ित परिवारों को उपलब्ध करा दी गई है। हमास के इजराइल पर हमले में करीब 10 नेपाली नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अधिकांश कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी थे। मगर कंचनपुर जिले के एक छात्र विपीन जोशी की अब तक कोई खबर नहीं मिल पाई है। न तो उसका शव ही मिल पाया है और न हमास ने उसके बंधक होने की जानकारी ही दी है। हालांकि इजराइल सरकार ने विपीन जोशी के परिवार को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। इजराइली राजदूत ने कहा है कि जब तक उसका पता नहीं लग जाता तब तक उसके परिवार को भी आर्थिक सहायता नियमित उपलब्ध कराई जाएगी।

इजराइल सरकार ने उन 134 लोगों के परिवारों को भी इस माह से मासिक भत्ता देना शुरू किया गया है जो अब तक हमास के कब्जे में है। राजदूत गाडर ने कहा कि इजराइल के कानून के तहत वहां रहने वाले किसी भी विदेशी नागरिकों की यदि आतंकी हमले में जान जाती है तो उसके परिवार को इजराइल के नागरिकों की तरह सारी सुविधा मिलती रहेगी।

# नेपाल के विदेश मंत्री ने माना- रूसी सेना में भर्ती नेपाली नागरिकों को वापस लाना असंभव



**नेपाल।** रूसी सेना में भर्ती हुए नेपाली नागरिकों को वापस लाने के लिए कई महीनों से प्रयासरत नेपाल सरकार को अब तक इसमें निराशा ही हाथ लगी है। नए विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने नेपाल में रूसी राजदूत से वार्ता के बाद नेपाली नागरिकों की वापसी को अब असंभव बता दिया है।

नेपाल सरकार पर उन परिवारों का लगातार दबाव है कि रूसी सेना में भर्ती हुए नागरिकों को स्वदेश वापस लाया जाए। इस मांग पर नेपाल और रूस के बीच कई बार कूटनीतिक बातचीत भी हुई लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। नेपाल सरकार में विदेश मंत्रालय संभालने वाले नारायणकाजी श्रेष्ठ ने गुरुवार को नेपाल में रूसी राजदूत को तलब कर इस बारे में जानकारी ली। रूसी राजदूत के जवाब के बाद विदेश मंत्री ने बयान दिया कि रूसी सेना से नेपाली नागरिकों की वापसी काफी पेचीदा मामला है और यह लगभग असंभव है। हालांकि, विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने यह जरूर कहा कि सरकार का प्रयास जारी रहेगा।

मास्को की तरफ से नेपाली दूतावास को जवाब दिया गया है कि रूसी सेना में भर्ती हुए नेपाली नागरिकों ने अपनी लिखित सहमति देते हुए समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इसलिए स्थिति सामान्य नहीं होने तक इन सैनिकों को वापस नहीं किया जा सकता है। नेपाल सरकार की तरफ से बार-बार रूस को उस समझौते को रद्द कर नेपाली नागरिकों की वापसी का आग्रह भी किया गया लेकिन रूस सरकार ने उसे मानने से साफ इंकार कर दिया है। इसी बीच, रूसी सेना में कार्यरत तीन नेपाली नागरिकों का एक वीडियो संदेश सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें इन सैनिकों की तरफ से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की अपील की गई है। इस वीडियो के आने के बाद नेपाल सरकार पर और अधिक दबाब बन गया है।

## हमले से पहले राफा में रह रहे आम लोगों को बाहर निकालेगा इजराइल : अधिकारी



**यरुशलम।** इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि उनका देश गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा पर हमला करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहर पर हमला करने के पहले वहां रह रहे लगभग 14 लाख फिलिस्तीनियों में से अधिकांश को वहां से निकाला जाएगा। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी के हवाले से बताया कि शहर पर हमला करने के पहले सेना वहां के आम नागिरकों को मध्य गाजा में शरण लेने को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि उनको आवास, भोजन और पानी सहित अन्य बुनियादी जरूरतें उपलब्ध कराई जाएंगी। हालांकि हगारी ने राफा से लोगों को निकालने या यहां हमले की तारीख नहीं बताई। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और विभिन्न मानवीय संगठनों ने राफा पर इजराइल के हमले की योजना पर चिंता प्रकट की है। उनका कहना है कि इससे गंभीर मानवीय तबाही होगी। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा, बुधवार सुबह, इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने गाजा पट्टी का दौरा किया और वहां की स्थिति की समीक्षा की। राफा में जमीनी आक्रम्रण के संबंध में गैलेंट ने कहा, जल्द ही चीजें सामने होंगी। गौरतलब है कि इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार कहा है कि सेना राफा पर जमीनी हमला जरूर करेगी। इजराइल का मानना है कि यहां हमास के कुछ आतंकी भूमिगत सुरंगों में छिपे हैं।

# यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर का नया हथियार पैकेज भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका यूक्रेन को 30 करोड़ डॉलर (23.4 करोड़ पाउंड) के सैन्य हथियार भेजेगा, जिसमें गोला-बारूद, रॉकेट और विमान भेदी मिसाइलें शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों में व्हाइट हाउस के हवाले से यह बात कही गई है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस में इस संबंध में एक विधेयक पेश कर उस पर चर्चा की गई।

अमेरिका लगभग तीन महीने बाद यूक्रेन की मदद के लिए कोई शिपमेंट भेजेगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह सहायता "यूक्रेन की युद्धक्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है"।

उन्होंने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "यह गोला-बारूद यूक्रेन की बंदूकों को कुछ समय के लिए रुकने नहीं देगा, लेकिन काफी कम समय के लिए।"

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस कई महीनों से कांग्रेस से एक बजट पारित करने की अपील कर रहा है, जिसमें यूक्रेन के साथ-साथ इजरायल और ताइवान को भी सहायता दिये जाने की बात है।

60 अरब डॉलर का सहायता बिल पहले ही सीनेट में पारित हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रतिनिधि सभा में इसे मतदान के लिए नहीं रखा गया है।

सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने अब तक सीनेट विधेयक पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी जॉनसन ने कहा है कि सदन अपने स्वयं के सहायता विधेयक पर मतदान करेगा, लेकिन केवल कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन प्रणाली में सुधार करने वाला बजट पारित करने के बाद।

मंगलवार का हथियारों और उपकरणों का आपातकालीन पैकेज यूक्रेन के पहले के हथियार अनुबंधों में की गई लागत बचत से वित्त पोषित है।

सहायता की घोषणा तब हुई जब राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के लिए समर्थन दिखाने के लिए व्हाइट हाउस में पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की मेजबानी की।

बैठक के बाद, टस्क ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जॉनसन "पहले से ही जानते हैं कि, उनके व्यक्तिगत निर्णय पर, लाखों लोगों का भाग्य निर्भर करता है"।

पोलिश प्रधानमंत्री ने कहा, "यह कोई राजनीतिक झड़प नहीं है जो केवल अमेरिका में ही मायने रखती है।"

"जॉनसन के इस सकारात्मक निर्णय की अनुपस्थिति वास्तव में (यूक्रेन में) हजारों लोगों की जान ले लेगी। बच्चे। महिलाएं। उन्हें अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बारे में पता होना चाहिए।"

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को डेनमार्क ने घोषणा की कि वह यूक्रेन को लगभग 33.6 करोड़ डॉलर का गोला-बारूद भेजेगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमर जेलेंस्की ने पिछले महीने कहा था कि हथियारों की "कृत्रिम कमी" के कारण देश ने हाल के महीनों में युद्ध में अपनी पकड़ खो दी है।

## भारत-नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई बातचीत: पंकज चौधरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को राजधानी नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में नीदरलैंड के कर मामले एवं कर प्रशासन मंत्री मार्निक्स वान रिज के साथ मुलाकात की और द्विपक्षीय बातचीत की। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में नीदरलैंड के कर मामले एवं कर प्रशासन मंत्री मार्निक्स वान रिज जी के साथ द्विपक्षीय बातचीत हुई।

# बांग्लादेश के मालवाहक जहाज के 23 सदस्य अभी भी सोमालिया के समुद्री डाकुओं के कब्जे में, परिवारों की चिंता बढ़ी

**ढाका।** बांग्लादेश के मालवाहक जहाज के चालक दल के 23 सदस्य अभी भी सोमालिया के समुद्री लुटेरों के कब्जे में हैं। इस जहाज को सोमवार को हिंद महासागर से अगवा किया गया है। समुद्री लुटेरों की इस बड़ी वारदात ने पीड़ित परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले साल 2010 में भी सोमालिया के समुद्री लुटेरे बांग्लादेश के मालवाहक जहाज के चालक दल को निशाना बना चुके हैं। तब लाखों अमेरिकी डॉलर की फिरौती वसूलने के बाद इन लोगों को लगभग 100 दिन बाद छोड़ा गया था। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून ने इन लुटेरों की ताजा हरकत पर अपनी रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है।



ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, हिंद महासागर से अपहृत किए गए बांग्लादेश ध्वज वाले मालवाहक जहाज का नाम 'एमवी अब्दुल्ला' है। बंधक बनाए गए नाविकों के चिंतित परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने सभी की रिहाई के लिए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। यह लोग बुधवार दोपहर अगरबाद वाणिज्यिक क्षेत्र में एसआर शिपिंग के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की।

**मां का दर्द**

बंधक बनाए गए चालक दल के प्रमुख सदस्य अतीक उल्लाह खान की 62 वर्षीय मां शाहनूर बेगम ने कहा कि उनका बेटा 2008 से जहाजों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा बेटे को इस तरह अगवा कर लिया जाएगा।" शाहनूर ने जहाज कंपनी और सरकार से अपने बेटे और अन्य चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए सभी कदम उठाने का आग्रह किया है। शाहनूर बेगम ने कहा कि उनकी बहू गर्भवती है और अपने पति के अपहरण की खबर सुनकर वह बीमार पड़ गई। बेगम ने कहा कि एसआर शिपिंग ने सूचित किया कि जहाज पर सभी लोग सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

**समुद्री डाकू हथियारों से लैस**

बंगलादेश के जहाजरानी विभाग के महानिदेशक मोहम्मद मकसूद आलम ने माना है कि समुद्री लुटेरों के सोमालियाई होने का संदेह है, क्योंकि तट उसी देश में स्थित है। उन्होंने कहा, "एमवी अब्दुल्ला नाम का मालवाहक जहाज में कोयला लदा है। वह मोजाम्बिक के मापुतो बंदरगाह से संयुक्त अरब अमीरात के अल हमरियाह बंदरगाह के लिए रवाना हुआ था। उसी दौरान, समुद्री लुटेरों ने जहाज का अपहरण कर लिया है। चालक दल ने समुद्री डाकुओं के पास भारी हथियार होने की जानकारी दी है।"

**दुख की दास्तां... याद आ गया 2010**

ढाका ट्रिब्यून ने अपनी एक अन्य रिपोर्ट में ऐसी ही 2010 में हुई एक घटना का जिक्र किया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच दिसंबर 2010 को सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने 43,150 टन निकल अयस्क ले जा रहे बांग्लादेशी मालवाहक जहाज 'एमवी जहान मोनी' को अरब सागर से अगवा कर चालक दल के 26 सदस्यों को बंधक बना लिया था। इंडोनेशिया से रवाना इस जहाज को ग्रीस पहुंचना था। 11 नवंबर, 2010 को इंडोनेशिया से रवाना हुए इस जहाज को ग्रीस पहुंचने से पहले सिंगापुर में रुकना था। सिंगापुर पहुंचने से पहले ही सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने उसे भारत के लक्ष द्वीप से लगभग 170 समुद्री मील दूर अपने कब्जे में ले लिया था। लियोन नामक वातार्कार के माध्यम से इनसे 12 दिसंबर को बातचीत शुरू हुई। समुद्री डाकुओं ने 9 मिलियन डॉलर फिरौती की मांग की। जैसे-जैसे दिन हफ्तों में बदलते गए, जहाज पर स्थिति खराब होती गई। कैप्टन फरीद अहमद ने 24 दिसंबर को भोजन, पानी और ईंधन जैसी आवश्यक आपूर्ति की गंभीर कमी को उजागर करते हुए संकटकालीन कॉल की। बातचीत का यह सिलसिला दो माह चला।

आखिरकार 22 फरवरी को फिरौती की रकम पर सहमति बनी। समुद्री लुटेरों ने चालक दल की रिहाई का लिखित आश्वासन दिया। 12 मार्च को लाखों डॉलर से भरे दो वाटरप्रूफ सूटकेस समुद्री डाकुओं को सौंपे गए। समुद्री डाकुओं ने 13 मार्च, 2011 की सुबह चालक दल के सभी सदस्यों को रिहा कर दिया।